51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 21.0 °c | अधिकतम 32.3 °c

**अमृतवाणी**

गलत लोग आपकी अच्छाई से भी नफरत करते हैं और सही लोग आपमें बुराई जानकर भी आपसे प्यार करते हैं, यही सम्बंध की परिभाषा है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

संसद का यह भवन नये भारत के सृजन का आधार बनेगा : मोदी

सूर्योदय : 5:20, सूर्यास्त : 7:12 | वर्ष : 51/ अंक : 147 | सोमवार, 29 मई 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

देश के कल की सुनहरी कथा.... इस भवन ही में लिक्खी जाएगी.....

# छोटा सा शहर छह-छह हजार के चालान, आखिर किसके हाथ में है जिले की कमान

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** उत्तर प्रदेश सरकार में अधिकारी किस तरह नियमों और कानूनों की आड़ में आम आदमी का उत्पीड़न कर सकते हैं, इसका कोई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। ईमानदारी के नाम पर कई-कई गुणा जुर्माने ठोंकना प्रत्येक महकमे की आदत में शामिल हो चुका है। ऐसा ही एक महकमा ट्रेफिक पुलिस विभाग का बन चुका है, जिनकी नीयत ट्रेफिक संभालने से ज्यादा चालान काटने पर रहने लगी है। जितना शरीफ आदमी उतना ज्यादा चालान और यह भी नहीं पता कि यह किसका है फरमान। हैरानी की बात तो तब हो जाती है, जब कोई व्यक्ति प्रमाण सहित दिखाता है कि रात को एक बजे अलमासपुर चौराहे पर उसका 1500 रुपये का चालान काट दिया जाता है और यह तक सुनवाई नहीं की जाती कि वह एक ठेला लगाने वाले परिवार से है। ऐसे कई उदाहरण आई दिन मीडिया के सामने आते दिखाई पड़ते हैं कि किसी व्यक्ति की मोटरसाइकिल घर खड़ी है और उस पर चालान कटने का मैसेज आ जाता है और किसी ने हेलमेट पहना है और चालान काटने वाली तस्वीरों में लगे हुए हेलमेट पर ही बिना हेलमेट के आरोप में चालान काट दिया जाता है। इसके अलावा



मुजफ्फरनगर जैसे छोटे शहर में जहां अमीर आदमी मोटरसाइकिल लेकर नहीं निकलता, मध्यम वर्ग व निम्न वर्ग का चालान पांच सौ रुपये से लेकर दस हजार रुपये तक का खुलेआम काटा जा रहा है। न जाने सरकार को इस बात की भनक है या नहीं या सरकार की निगाह में ही अपना वजूद कायम करने के लिए गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है। रात्रि में एक बजे चालान काटने की घटना जिन लोगों ने भी सुनी उनके मुंह पर एक ही बात थी कि अब लूटने के लिए बदमाशों की आवश्यकता रह ही कहां गई है। सरकारी विभाग ही इस काम के लिए काफी हो चुका है। कहीं भी किसी पर भी कोई भी जुर्माना ठोंको और मोबाइल पर बिना तर्क वितर्क किये मैसेज भेज दो। मैसेज के बाद फिर कोई समाधान रह ही नहीं जाता कि क्यों चालान कटा है और किस बात पर कटा है और न ही प्रदेश सरकार इन बातों पर कोई विशेष तवज्जो दिये हुए है, मगर हो न हो ऐसे जुल्म मध्यम व निम्न वर्ग बर्दाश्त तो कर लेता है, मगर कोसता सरकार को ही है। प्रत्येक व्यक्ति इतने भारी भरकम और बिना तर्क संगत चालान कटने के बाद यही कहता दिखाई पड़ता है कि सरकार को -ोलना मजबूरी न हो तो जवाब तो वोट के समय पर बहुत अच्छी तरीके से दिया जा सकता है। मगर कानून व्यवस्था की दुहाई देने वाली सरकार ही आम आदमी का जब उत्पीड़न इस तरह से करायेगी तो इससे तो बदमाश ही अच्छे हैं, कम से कम वो अपनी जरूरत पूरी करने को ही लूटपाट करते हैं, मगर यहां तो सरकारी पैसे से पेट भरने के बाद भी ऐसे अनुचित कार्य खुलेआम किये जा रहे हैं। वर्ष में ऐसे सैंकड़ों उदाहरण आमतौर पर देखने को मिल जायेंगे कि किसी गरीब आदमी ने यदि गांव देहात से आते हुए पैरों में हवाई चप्पल पहन रखी हैं तो शिकारी की तरह नजररखने वाले ट्रेफिक विभाग के पुलिस कर्मी उन गरीबों का भी शोषण करने से नहीं चूकते। ऐसे पैसे को वे कहां ले जायेंगे यह तो किसी को नहीं पता मगर इस तरह से शोषण करने पर गरीब व्यक्ति कुछ कर सके या न करें बददुआएं तो जरूर देता है। क्योंकि हर व्यक्ति की सिफारिश नेताओं तक पहुंचने की नहीं हो पाती, इसलिए वह साफतौर पर यही कहता दिखाई पड़ता है कि ऐसा पैसा कभी किसी को हजम नहीं हुआ करता। कुल मिलाकर ऐसे विभाग जाने अनजाने अपने वर्दी का रौब गालिब कर सरकार को कहीं न कहीं पलीता जरूर लगाते दिखाई पड़ते हैं, हालांकि भाजपा सरकार का जिले में क्या हाल है, यह कहने की आवश्यकता नहीं है, और यदि ऐसे ऐसे जुल्म आम आदमी पर होते दिखाई पड़ते हैं तो मानो या ना मानो वोट के समय पर प्रत्येक मतदाता यह जरूर सोचता है कि आखिर हैं तो ये सरकारी कर्मी, सरकार के ही नुमाइंदे तो क्यों ना सरकार के खिलाफ ही वोट किया जाये और यह भी कहना गलत न होगा कि कहीं न कहीं जब सरकार की कुर्सी छिनती है तो चाहे वह विधायक की हो या नगर पंचायतों के चेयरमैन की, उनके पीछे कहीं न कहीं ऐसे ही कारण जुड़ते हैं और बड़े-बड़े नेता हार का मुंह देखते हैं, मगर उसके बावजूद भी सरकार न संभले तो क्या कहा जाये। मुजफ्फरनगर जिले में तो यह भी पता कि इस जिले की कमान है किसके हाथ में, जो इतने नाजायज कार्य अधिकारी खुलकर करते दिखाई पड़ते हैं।

## तेरे संग जीना तेरे संग मरना

### पति की मौत के 15 मिनट बाद पत्नी ने भी दम तोड़ा

**चरथावल, 28 मई (बु.)।** कस्बे में बुजुर्ग दंपती में पति की मौत के कुछ ही देर बाद पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद दोनों को एक साथ सुपुर्दे खाक किया गया। बताया गया है कि कस्बे के मोहल्ला तीरग्रान निवासी बुजुर्ग इकबाल (72) एक सप्ताह से बीमार था। उसका उपचार मुजफ्फरनगर के निजी हॉस्पिटल में चल रहा था। शनिवार को परिजन उपचार के लिए लेकर गए थे, लेकिन सात बजे उसकी मृत्यु हो गई। यह खबर चरथावल पहुंची तो पत्नी गम में डूब गई। पति की मौत खबर के 15 मिनट बाद ही पत्नी जैतून (68) ने भी दम तोड़ दिया, जबकि वह पूरी तरह ठीक थी। बताया गया कि हार्ट अटैक आने से मौत हुई है। इस खबर के मिलने के बाद मोहल्ले के सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। परिजन असलम ने बताया मृतक दंपती के दोनो बेटे अलग रहते थे। एक लड़की है, जिसकी ससुराल सहारनपुर के नांगल में है। वह पिता के उपचार के लिए चरथावल आई थी। मौके पर परिजनों और और रिश्तेदारों का आना शुरू हो गया। बाद में दोनों को एक साथ दफनाया गया।

### तुर्किए में राष्ट्रपति एर्दोगन को मिले 53.15 फीसदी वोट

**अंकारा। तुर्किए चुनाव आयोग के अनुसार, करीब 85 फीसदी मतगणना के बाद राष्ट्रपति एर्दोगन को करीब 53.15 फीसदी वोट मिले हैं। जबकि, कमाल को 46.85 फीसदी मत मिले हैं। एर्दोगन ने कलचदारलू से बढ़त बना ली है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किलिकडारोग्लू को उनके गृहनगर टुनसेली में सबसे ज्यादा वोट मिले। नतीजों की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।**

## कैमिकल गोदाम में आग, धमाके से दहला इलाका

- आग बुझाते समय ड्रम फटने से कैमिकल दमकलकर्मियों पर जा गिरा
- दमकल टीम के 4 फायरमैन झुलसे, कैमिकल से भरे ड्रमों में विस्फोट

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** आज सुबह एक कैमीकल गोदाम में आग लगने के बाद धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा। कैमिकल गोदाम में लगी आग बुझाने गई दमकल विभाग की टीम के 4 फायरमैन हादसे में झुलस गए। आग में झुलसे फायरमैन को जिला अस्पताल इमरजेंसी ले जाया गया, जहां से उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल के लिए रैफर किया गया है। हादसा उस समय हुआ जब चरथावल रोड स्थित कैमिकल गोदाम में आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची थी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के चरथावल रोड मुरादिया मदरसा के समीप एक कैमिकल गोदाम है। रविवार दोपहर करीब 12.00 बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिली थी कि अज्ञात कारणों के चलते गोदाम में रखे कैमिकल ड्रम में आग लगी हुई है। सूचना पर दमकल विभाग के लीडिंग फायरमैन जय किशोर सैनी अन्य फायरमैन तरुण कुमार, प्रिंस कुमार और धर्मेंद्र को साथ लेकर आग बुझाने की गाड़ियों व अन्य उपकरण संग मौके पर पहुंचे। जैसे ही दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया तो वहां पर रखे केमिकल से भरे ड्रम में अचानक विस्फोट हो गया। जिसके चलते फायर ब्रिगेड कर्मियों के शरीर पर पड़े कैमिकल ने आग पकड़ ली और वह बुरी तरह से झुलस गए। गोदाम मालिक फरमान के परिजन नाजिम ने अग्निशमन विभाग को 11 बजकर 17 मिनट पर सूचना दी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंच कर साढ़े तीन घंटे में आग को बुझाया। आग बुझाने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ने पर पास के एक घर में सबमर्सिबल चलवा कर गाड़ी को भरा गया। समय पर एंबुलेंस न पहुंचने के कारण चारों फायरमैन को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एसपी और सीओ सिटी ने जिला अस्पताल इमरजेंसी पहुंचकर फायरकर्मियों का हाल जाना। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल रैफर कर दिया गया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि झुलसे फायर कर्मियों का उपचार कराया जा रहा है और आग के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

### अवैध रूप से चल रहा था गोदाम

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** आज जिस गोदाम में आग लगी, वह अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। घटना के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि उक्त गोदाम में ज्वलनशील पदार्थ संग्रह करने के लिए अनुमति नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसकी जांच की जा रही है। सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि फरमान वेस्ट ऑयल एंड केमिकल कंपनी के जिस गोदाम में रविवार को आग लगी, वह पिछले दस साल से बिना एनओसी के चलाया जा रहा हैं। गोदाम मालिक ने इसके लिए दमकल विभाग से एनओसी भी नहीं ली। उन्होंने शहर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए है। फरमान वेस्ट ऑयल एंड कैमिकल कंपनी के गोदाम में वेस्ट मोबिल ऑयल खरीदकर उसे साफ कर ड्रमों में भरा जाता था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि फरमान के पास इस कारोबार को करने के लिए कोई लाइसेंस नहीं है। उधर, गोदाम मालिक फरमान का कहना था कि वह जीएसटी लगातार जमा करता हैं। उसने ज्वलनशील पदार्थ को एकत्र करने के लिए बनाए गोदाम के आसपास अग्नि नियंत्रक उपकरण भी रखे हैं। उसने बताया कि डेढ़ माह पहले एनओसी लेने के लिए आवेदन किया था, जो अभी तक पैंडिंग है।

## खेलते समय भरभराकर गिरी दीवार, दो मासूमों की मौत

**कांधला, 28 मई (बु.)।** कस्बे में दीवार गिरने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर सीओ कैराना व स्थानीय पुलिस ने मौके पर पंहुचकर घटना की जांच की। परिजनों ने बिना कार्रवाही के दोनो मृत बच्चों के षवों को दफना दिया है। मासूमों की मौत से परिजनों में भारी कोहराम मचा हुआ है। कस्बे के गंगेरू रोड़ मौहल्ला ईदरिश बेग विहार कांलोनी निवासी 7 वर्षीया जोया पुत्री जमील अपने चचेरे भाई 4 वर्षीय गफ्फार पुत्र आरिफ व नोनू के साथ अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी। दोपहर में खेलते समय पड़ोसी सादू के घेर की जर्जर दीवार भरभराकर तीनों मासूमों के उपर गिर गई, जिसमें तीनों मासूम बच्चे दबकर घायल हो गये। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर परिजनों के साथ आस पडोस के लोग मौके की और दौड़ पड़े और ईट हटाकर तीनों मासूमों बच्चों को दीवार मलबे से बाहर निकाल लिया, लेकिन हादसें के दौरान तीनों बच्चें पूरी तरह से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन मासूम बच्ची जोया ने उपचार से पूर्व दम तोड़ दिया, जबकि गफ्फार को गंभीर हालत में उपचार के लिये शामली के एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया, लेकिन मासूम गफ्फार ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पाकर सीओ कैराना अमरदीप मौर्य, थाना प्रभारी समयपाल अत्री भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुच गए और घटना की जांच पड़ताल की। परिजनों ने दोनों मृत मासूम बच्चों को बिना किसी कार्रवाही के गमगीन माहौल में कब्रिस्तान ले जाकर दफना दिया। दो मासूम बच्चों की मौत से परिजनों में भारी कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी समयपाल अत्री का कहना है कि दीवार गिरने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना करा दिया था। पुलिस ने दो मृत बच्चों का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## तीन लाशें देख आंसुओं में डूबे परिजन

- बिजनौर के हलदौर से मरीज को लेकर मुजफ्फरनगर आ रही एंबुलेंस हुई थी दुर्घटनाग्रस्त

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** शनिवार देर रात मरीजों को अस्पताल लेकर जा रही एंबुलेंस विपरीत दिशा से आ रहे कैंटर से टकराने पर एंबुलेंस में सवार पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 गंभीर घायल हो गए। शवों को पोस्टमार्टम के बाद लेने के लिए पहुंचे परिजन आंसुओं में डूबे नजर आए। पुलिस सूत्रों के अनुसार ककरौली थाना क्षेत्र के जोली-बेहड़ा रोड गांव तिस्सा के पास शनिवार देर रात एक एम्बुलेंस मरीज को लेकर मुजफ्फरनगर की ओर जा रही थी। जबकि विपरीत दिशा से तेज गति से एक कैंटर आ रहा था। जब दोनों आमने-सामने पहुंचे, तो कैंटर चालक ने नियंत्रण खो दिया। जिससे उसने तेज गति से एम्बुलेंस में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गये। एम्बुलेंस में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ऋषिपाल पुत्र कलीराम निवासी मोहनपुर हल्दौर जिला बिजनौर, उसकी पत्नी बेबी, एंबुलेंस चालक सुभाष निवासी पौटा गावड़ी हल्दौर जिला बिजनौर शामिल हैं। बताया कि ऋषिपाल बीमार था, जिसको ड्रिप लगी थी। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। एम्बुलेंस में मरीज सहित 7 लोग सवार थे। घायल होने वालों में परमजीत पुत्र डालचंद निवासी टांडा, साहूबाला, बिजनौर, कल्लू पुत्र हाकम अली निवासी साँझक, शाहपुर, मुजफ्फरनगर और मामराज पुत्र कलीराम निवासी मोहनपुर हल्दौर और महेंद्र पुत्र मूलेसिंह निवासी मोहनपुर हल्दौर बिजनौर शामिल हैं। जिन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया है।

## इश्क में ठगी गई यूक्रेन की युवती को नहीं मिल रहा प्रेमी

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** इश्क में फंसी यूक्रेन की युवती को ठग कर प्रेमी फरार हो गया। बताया गया है कि हरिद्वार घूमने के लिए आई यूक्रेन की युवती को एक युवक से प्यार हो गया। कई महीने तक यह प्रेम परवान चढ़ता रहा। युवक उससे ठगी कर रफूचक्कर हो गया। उसे ढूंढने के लिए युवक के बताए पते के आधार पर युवती स्कूटी से बरुकी गांव पहुंच गई, लेकिन युवक नहीं मिला। निराश युवती हरिद्वार लौट गई है।

- हरिद्वार में युवक से हुआ थी इश्क, लेकिन सामान लेकर फरार हुआ युवक
- प्रेमी को ढूंढने के लिए भोपा के बरुकी पहुंची युवती को मिली निराशा

सूत्रों के अनुसार खुद को यूक्रेन निवासी बता रही एलिना कई महीने पहले हरिद्वार घूमने के लिए आई थी। इसी दौरान उसकी हरिद्वार में दुकान चला रहे युवक से मुलाकात हो गई। दोनों में मुहब्बत परवान चढन लगी। युवती का आरोप है कि कुछ दिन बाद युवती की उसकी आईडी और अन्य सामान लेकर हरिद्वार से रफूचक्कर हो गया है। उसका फोन भी बंद आ रहा है। युवती पिछले कई दिनों से उसकी तलाश में इधर-उधर घूम रही है। युवती के मुताबिक युवक अपना गांव बरुकी बताया करता था। उसने गांव का नाम नेट पर सर्च किया। उसी के माध्यम से वह स्कूटी से शनिवार को गांव बरुकी पहुंची। रविवार को विदेशी युवती के आने की जानकारी पर पुलिस भी पहुंच गई। युवती ने दुभाषिए के जरिए पुलिस को अपनी आपबीती बताई। साथ ही उसने प्रेमी का फोटो दिखाकर उसका अता-पता भी जानना चाहा, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। ग्रामीणों ने युवती को बताया कि इस नाम का एक गांव बिजनौर जिले में है। मगर, वह वहां ना जाकर युवती हरिद्वार लौट गई। बरूकी गांव जाते वक्त कासमपुरा गांव से थोड़ा आगे युवती की स्कूटी खराब हो गई। स्कूटी खराब होने पर उसने पास के ही एक सिख समुदाय के परिवार से संपर्क किया और उन्हीं के यहां रात बिताने की बात कही। रविवार को परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

### रोडवेज के चालक-परिचालक से मांगा स्पष्टीकरण, जांच शुरू

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** मीरापुर से बिजनौर की ओर जाते समय दुर्घटनाग्रस्त बस के चालक व परिचालक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। गत दिवस मेरठ डिपो की एक रोडवेज बस यात्रियों को लेकर नजीबाबाद जा रही थी। मीरापुर में सिकरेड़ा के पास अचानक बस का स्टेयरिंग फेल हो गया था। बस सड़क किनारे बनी खाई में उतर कर पेड़ से टकरा गई थी। इस हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई थी। मीरापुर पुलिस ने बिजनौर जा रही दूसरी बस में बैठाकर यात्रियों को भेज दिया था। इस मामले में मेरठ डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जगदीश सिंह ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी हैं। बस के चालक व परिचालक से स्पष्टीकरण मांगा गया हैं।

### 6 तीव्रता का भूकंप, दिल्ली तक महसूस किए गए झटके

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में रविवार सुबह करीब सवा 11 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6 मापी गई। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भूकंप के हल्के झटकों का एहसास हुआ। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 79 किमी दक्षिण पूर्व में रहा। यह भूकंप जमीन से 220 किमी की गहराई में था। इसके अलावा, मेघालय में दोपहर 2.58 पर 3.6 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अफगानिस्तान में आए भूकंप की वजह से चीन, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के कई इलाकों में भी झटके महसूस किए गए हैं।

### यमुना में डूबने से एक किशोर और एक व्यक्ति की मौत

**कैराना, 28 मई (बु.)।** यमुना में नहाते समय डूबने से हरियाणा निवासी 17 वर्षीय किशोर और 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के शव को अपने साथ हरियाणा ले गए। रविवार शाम हरियाणा के जनपद करनाल के थाना घरौंडा के गांव कोहंड निवासी 17 वर्षीय काला और 45 वर्षीय ईश्वर यमुना में नहा रहे थे। इस दौरान दोनों यमुना के पानी में डूबने लगे तो आसपास के लोगों ने शोर मचा दिया। दोनों को डूबता देख वहां तैनात गोताखोरों में यमुना में छलांग लगा दी। काफी देर की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने दोनों के शवों को यमुना से बाहर निकाला। बाद में परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव को अपने साथ हरियाणा ले गये। किला गेट पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई मुनेंदर सिंह ने बताया कि परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के शव को अपने साथ हरियाणा ले गए।

### नए संसद भवन की ताबूत से तुलना पर घमासान

**पटना।** नए संसद भवन की तुलना ताबूत से करने के बाद बिहार में शुरू हुआ सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। बिहार भाजपा ने इस मामले में राजद पर जमकर हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविवार दोपहर कहा कि राजद ने अपनी मानसिकता जाहिर कर दी। देश की जनता और बिहार की जनता उसी ताबूत में राजनीतिक तौर पर राजद को 2024 के लोकसभा और 2025 के विधानसभा बंद करने का काम करेगी। वहीं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि राजद द्वारा ताबूत से नए संसद की तुलना करने की हरकत बेहद ही शर्मनाक है। नए संसद का चित्र भारत के भविष्य का है। यह ताबूत का चित्र राजद के भविष्य को दर्शाता है।

## जंतर-मंतर से पहलवानों के टेंट उखाड़े, पहलवान हिरासत में लिए

- विनेश-संगीता फोगाट, साक्षी और बजरंग समेत सभी रिहा
- दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों को रोका

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** पहलवानों के समर्थन में किसान संगठनों के धरने के ऐलान को लेकर आज जमकर बवाल हुआ। संसद की नई बिल्डिंग के सामने पुलिस और धरना दे रहे पहलवानों के बीच झड़प हो गई। पहलवान बैरिकेड्स लांघकर नई संसद की तरफ जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका और बजरंग पूनिया, विनेश-संगीता फोगाट, साक्षी मलिक सहित अन्य को हिरासत में ले लिया।विनेश और संगीता फोगाट को हिरासत में लिए जाने के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की पहलवानों के साथ अच्छी-खासी धक्कामुक्की हुई। इसके बाद पुलिस ने धरना स्थल जंतर-मंतर पर लगे टेंट, कुर्सियां और दूसरा सामान हटाकर शाम 4 बजे उसे पूरी तरह खाली कर दिया।

इसके बाद शाम 7.15 बजे कुछ पहलवानों को छोड़ दिया गया। विनेश फोगाट ने कहा कि मुझे, संगीता फोगाट और साक्षी मलिक को रिलीज कर दिया गया है। बजरंग पूनिया अभी भी पुलिस की हिरासत में हैं। हमने पुलिस को कहा कि बिना किसी लीगल प्रोसीजर के हमें अंदर नहीं रख सकते तो वे बोले कि हमें कानून मत सिखाओ। दरअसल, 34 दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवान रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इस महापंचायत की अनुमति नहीं दी थी। पहलवानों ने इसके बावजूद महापंचायत का आयोजन किया और संसद की तरफ जाने लगे। इस पर उनका पुलिस के साथ टकराव हो गया। पहलवान बजरंग पूनिया ने

कहा- क्या यह लोकतंत्र है, हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं और हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। हमें गोली मार दो। इस बीच पुलिस की ओर से हिरासत में लिए जाने के बाद साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत मलिक और अन्य पहलवानों ने बस के अंदर नारेबाजी की। जब पुलिस विनेश और संगीता फोगाट को बस में बैठाकर ले जा रही थी, तब विनेश ने कहा कि ह्यनया देश मुबारक हो। उधर पहलवानों को गिरफ्तार किए जाने पर साक्षी मलिक ने कहा कि पहलवानों और बुजुर्गों माताओं को हिरासत में लेने के बाद अब पुलिस जंतर-मंतर पर उनका मोर्चा उखाड़ रही है। हमारा सामान उठाया जा रहा है। ये कैसी गुंडागर्दी है? दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन में गए 3 बच्चों को भी हिरासत में लिया है। इनकी उम्र 12 साल से भी कम बताई जा रही है। महापंचायत में हरियाणा, यूपी और पंजाब समेत कई राज्यों से भारी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने रविवार सुबह ही सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर बैरिकेडिंग कर दी थी। दिल्ली में केंद्रीय सचिवालय और उद्योग भवन मेट्रो स्टेशनों के सभी एंट्री और एग्जिट गेट भी बंद कर दिए गए। हरियाणा में सोनीपत के पास सिंघु बॉर्डर पर एक स्कूल में अस्थाई जेल बना दी गई। हरियाणा पुलिस ने रविवार सुबह ही हिसार, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, जींद और अंबाला में खाप प्रतिनिधियों और किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया। हरियाणा में सभी टोल प्लाजा पर पुलिस तैनात कर महापंचायत के लिए दिल्ली जाने वालों को हिरासत में ले लिया गया।

जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन और हंगामा करने वालों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। नई दिल्ली जिला अंतर्गत पार्लियामेंट स्ट्रीट थाना में दर्ज एफआईआर के अंतर्गत विरोध प्रदर्शन के आयोजनकताओं के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने धारा 147, 149, 186, 188, 332, 353 और पीडीपीपी की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है। इससे पहले दिन भर पुलिस और पहलवानों के बीच दंगल में 700 लोगों को हिरासत में लिया गया था। जंतर-मंतर से प्रदर्शनकारी पहलवानों समेत 109 लोगों को हिरासत में लिया गया। महिला प्रदर्शनकारियों को देर शाम और पुरुष पहलवानों समेत हिरासत में लिए लोगों को देर रात छोड़ दिया गया। दिल्ली के जिस जंतर-मंतर पर पिछले 36 दिनों से पूरे देश की नजरें टिकी थीं। वहां रविवार देर शाम सन्नाटा पसर गया। शाम छह बजे के बाद पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के अलावा यहां एक भी व्यक्ति नहीं दिख रहा था, चारों तरफ केवल बैरिकेडिंग ही नजर आ रही है। पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने नए संसद भवन के सामने पहलवानों के समर्थन में महिला महापंचायत में भाग लेने जा रहे 700 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया। सभी को अलग-अलग जगहों से हिरासत में लिया गया था। जंतर-मंतर से प्रदर्शनकारी पहलवानों समेत 109 लोगों को हिरासत में लिया गया। पहलवानों समेत सभी को दिल्ली के अलग-अलग थानों में रखा गया था।

### पहलवानों की रिहाई के बाद गाजीपुर धरना समाप्त अब 11 जून को भाज्जू में होगा अगला फैसला

**गाजीपुर, 28 मई (एजेंसी)। गाजियाबाद -पिछले 7 घंटे से गाजीपुर बॉर्डर पर चल रहा भारतीय किसान यूनियन का धरना समाप्त कर दिया गया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने धरना समाप्त करने की घोषणा करते हुए बताया कि दिल्ली पुलिस ने सभी पहलवानों को रिहा कर दिया है, जिसके बाद धरना समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब 11 जून को शामली के भाज्जू में किसान यूनियन की बड़ी पंचायत होगी जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। आपको बता दे कि ओलंपियन पहलवानों बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दिल्ली पुलिस ने रविवार की सुबह हिरासत में लिया था। इसके बाद पुलिस उन्हें शहर के तीन अलग-अलग स्थानों पर ले गई।**

## राकेश टिकैत के नेतृत्व में गाड़ियों से रवाना हुए कार्यकर्ता

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के साथ कार्यकर्ता रवाना हुए। भंगेला और बायवाला से रवाना हुए कार्यकर्ताओं को जिले में पुलिस ने नहीं रोका। बाद में कार्यकर्ता बॉर्डर पर पहुंचे। गाजीपुर बॉर्डर पर धरना दे रहे चौधरी राकेश टिकैत ने घोषणा कर दी है सभी आंदोलनकारियों को सरकार ने रिहा कर दिया है अब 11 तारीख को भाजू गांव में पंचायत होगी उसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सरकुलर रोड स्थित आवास से सुबह करीब नौ बजे गाड़ियों के काफिले के साथ जंतर मंतर के लिए रवाना हुए। इसके बाद खतौली के भंगेला चेकपोस्ट से भाकियू नेता गौरव टिकैत और युवा जिलाध्यक्ष कपिल सोम के साथ कार्यकर्ता गाजीपुर बॉर्डर के लिए रवाना हो गए। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि जिले में कार्यकताओं को पुलिस ने नहीं रोका है। हालांकि मेरठ में टोल पर रोकने का प्रयास किया, लेकिन बाद में पुलिस ने रास्ता छोड दिया। इस बीच मेरठ में सपा विधायक अतुल प्रधान समेत 20 से अधिक सपा समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला पहलवानों के समर्थन में वह सपा समर्थकों के साथ जंतर-मंतर जा रहे थे। अतुल प्रधान सुबह से घर में नजरबंद थे। दोपहर बाद वह जंतर-मंतर के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और पुलिस लाइन ले गई।

### बागोवाली, रामपुर, मेदपुर के ग्रामीणों के लिए हुआ टोल फ्री

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू भानु की मांग पर छपार टोल के मैनेजर ने बागोवाली सहित तीनों गांवों के वाहनों को टोल फ्री कर दिया है। भाकियू भानू गुट के जिलाध्यक्ष मामेश ठाकुर तीन गांवों के प्रधानों और कार्यकर्ताओं के साथ छपार टोल पर पहुंचे। कई गांवों के लोगों के लिए टोल फ्री करने के लिए ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष मामेश ठाकुर ने बताया कि पहले गांव बागोवाली, रामपुर, मेदपुर के ग्रामीणों के लिए टोल फ्री था

## इस सप्ताह का राशिफल

**29 मई से 04 जून 2023**

हस्तरेखा-अंक ज्योतिष विशेषज्ञ, वास्तुशास्त्र व रत्न परामर्शदाता
विमल जैन
एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरुणन भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (आकांक्षा हास्पिटल के निकट), भोजुबीर, वाराणसी-221002 (उ० प्र०)
मो० नं० : 09335414722

विमल जैन



| चू, चे, चो, ला ली, लू, ले, लो, आ | नक्षत्र अश्वनी भरणी कृतिका<br>चरण 1234 1234 1 |
|---|---|

**मेष–** सप्ताह में 29 मई से 2 जून तक समय अनुकूल रहेगा। विनियोजित धन का प्रतिफल मिलेगा। स्वजनों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। बकाए धन की प्राप्ति होगी। तनाव में कमी महसूस होगी। सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि रहेगी। अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। सुसंदेश मिलने को होगा। प्रतिष्ठित व्यक्ति से सम्पर्क का लाभ मिलेगा। वैचारिक स्थिरिता रहेगी। कार्यों में सफलता का सुयोग प्राप्त होगा। आय के स्रोत सामने आयेंगे। विवादास्पद मसला हल होगा। जन-कल्याण की भावना जागृत होगी। लाभ का सुयोग बनेगा। 3 व 4 जून को ग्रहस्थिति प्रतिकूल रहेगी। कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी। घरेलू सुख में दिक्कतें महसूस होगी। कर्ज अदायगी की चिंता बनी रहेगी।

| ई, उ, ए ओ, वा, वी वू, वे, वो | नक्षत्र कृतिका रोहणी मृगशिरा<br>चरण 234 1234 122 |
|---|---|

**वृषभ-**सप्ताह में 29 मई से 4 जून तक विविध पक्षों में परिश्रम के अनुरूप परिणाम प्राप्त होगा। बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि होगी। विविधपक्षों में अनुकूलता मिलेगी। नौकरी में पदोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला सुलझने को होगा। अभीष्ट कार्यों में सन्तोषजनक सफलता मिलेगी। नवयोजना की शुरूआत हेतु आत्मीयजनों से सहयोग मिलेगा। स्वजनों-प्रियजनों के माध्यम से समस्यायें सुलझेगी। पारिवारिक सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि रहेगी। व्यावसायिक पक्ष में सफलता मिलेगी। सद्विचारों के उदय से आत्मिक शान्ति मिलेगी। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। धनागम का सुयोग बनेगा। परिवार में सुख-शान्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा से आनन्द की अनुभूति होगी।



| का, की, कू घ, ड, छ के, को, हा | नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुर्नवसु<br>चरण 34 1234 123 |
|---|---|

**मिथुन-** सप्ताह में 29 मई के दिन 8/52 बजे तक समय शुभ रहेगा। व्यक्तित्व का विकास होगा। व्यवसाय में विस्तार की योजना फलूभूत होगी। नूतन-पुरातन विवाद का समापन पक्ष में होगा। तत्पश्चात् 31 की सायं 6/30 बजे तक कठिनाइयाँ रहेगी। आशा निराशा में बदलेगी। सोचे हुए कार्य अधूरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। व्यवहार में लापरवाही नुकसानदायक होगी। आत्मबल में कमी महसूस होगी। शेष 4 जून तक समय शुभ रहेगा। आध्यात्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि रहेगी। सद्विचारों का उदय होगा। आय के नवीन स्रोत उपस्थित होंगे। आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। अपने स्तर को बनाये रखने के लिए अधिक खर्च करना पड़ सकता है।

| ही, हू, हे हो, डा, डी डू, डे, डो | नक्षत्र पुर्नवसु पुष्य आश्लेषा<br>चरण 4 1234 1234 |
|---|---|

**कर्क–** सप्ताह में 29 से 31 मई की सायं 6/30 बजे तक ग्रहस्थिति शुभ रहेगा। व्यक्तित्व का विकास होगा। महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान रहेगा। तद्नन्तर 2 जून तक दिनमान प्रतिकूल रहेंगे। इच्छित प्राप्ति में व्यवधान रहेगा। भाग्य में कमी प्रतीत होगी। स्पष्टवादिता आपके लिए घातक सिद्ध होगी। निजी प्रतिभा के सदुपयोग करने से वंचित रहेंगे। भय रहेगा। 3 व 4 जून को परिस्थितियों में सुधार होगा। परिवार में आपसी सद्भाव बना रहेगा। प्रतियोगिता के क्षेत्र में प्रगति का सुअवसर प्राप्त होगा। नूतन-पुरातन-विवाद का समापन पक्ष में होगा। अधूरी योजना पूर्णता की ओर होगी। आनन्द की अनुभूति होगी। प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क बनने से खुशी होगी।

| मा, मी, मू मे, मो, टा टी, टू,ट | नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा.<br>चरण 1234 1234 1 |
|---|---|

**सिंह-** सप्ताह में 29 मई से 2 जून तक कुछेक कार्य बनने की ओर होंगे। कठिनाइयों का निराकरण होगा। प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक होगा। व्यक्ति क्षमता में वृद्धि होगी। स्वजनों-परिजनों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। सद्विचारों का उदय होगा। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। मंगल आयोजन संपादित होगा। नवीन कार्य की रूपरेखा तैयार होगी। शुभ-भावनाओं से शांति महसूस होगी। समझदारी से किया गया कार्य लाभप्रद होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु परिजनों से विचार-विमर्श होगा। यात्रा में अनुकूलता रहेगी। जनसम्पर्क का अवसर मिलेगा। 3 व 4 जून को निराशा प्रभावी रहेगी। पारिवारिक समस्याओं को लेकर मन दुखी। आरोग्य सुख में बाधा। प्रतियोगिता के क्षेत्र में निराशा रहेगी।

| टो, पा, पी पू, प, ण ठ, पे, पो | नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा<br>चरण 234 1234 12 |
|---|---|

**कन्या-** सप्ताह में 29 मई से 4 जून तक ग्रहयोग भाग्य के लिए बेहतर रहेगा। कठिनाइयों में कमी आएगी। कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में लाभ का सुअवसर प्राप्त होगा। भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ होंगे। समस्या सन्दर्भ के विशेष में स्वयं का निर्णय लाभकारी होगा। आरोग्य सुख की प्राप्ति होगी। लाभार्जन का मार्ग प्रशस्त होगा। अभीष्ट कार्यों में सन्तोषजनक सफलता मिलेगी। अध्यावसाय की ओर रुझान रहेगा। नव-निर्माण आदि का सुअवसर प्राप्त होगा। विवादास्पद मसला सुलझने की ओर होगा। परिवार में मांगलिक आयोजन सम्पन्न होंगे। पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सार्थक होगा। बकाये धन की प्राप्ति सम्भव है। आपसी जनों से सामंजस्य बना रहेगा। यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त होगा।

| रा, री, रू रे, रो, ता ती, तू, त | नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा<br>चरण 34 1234 123 |
|---|---|

**तुला-** सप्ताह में 29 मई के दिन 8/52 बजे तक ग्रह स्थिति अनुकूल रहेगा। आहार-विहार मेंनवीनता की स्थिति रहेगी। घरेलू जीवन में हर्षोल्लासमय रहेगा। जनकल्याण की ओर अभिरुचि रहेगी। यश में वृद्धि होगी। यात्रा सुखद रहेगा। तदनन्तर 31 की सायं 6/30 बजे तक योजना अधूरी रहेगी। उन्नति में व्यवधान रहेगा। आर्थिक पक्ष असंतोषजनक रहेगा। विरोधी प्रभावी रहेंगे। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रहेगी। अपेक्षित सहयोग नहीं मिलेगा। कष्ट होगा। शेष 4 जून तक समय हितकर रहेगा। धन संपत्ति का मसला हल होगा। नवसम्पर्क उपयोगी होगा। नवउत्तरदायित्व का निर्वाह होगा। सुख-साधन हेतु अधिक व्यय करना पड़ेगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता होगी।



| तो, ना, नी नू, ने, नो या, यी, यू | नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा<br>चरण 4 1234 1234 |
|---|---|

**वृश्चिक–** सप्ताह में 29 से 31 मई की सायं 6/30 बजे तक समय सफलताजनक रहेगा। विविध पक्षों में अनुकूलता मिलेगी। शुभ कृत्य संपादित होगा। सुख के आवश्यक साधन समय पर पूर्ण हो जायेंगे। तदुपरान्त 2 जून तक कठिनाइयाँ रहेगी। व्यावसायिक पक्ष के प्रति चिंतित रहेंगे। व्यवहार में जरा-सी लापरवाही हानिकारक होगी। अधिकारियों से असहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक रहेगा। व्यर्थ भ्रमण होगा। 3 व 4 जून को समय बेहतर रहेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। नवसमाचार की प्राप्ति से प्रसन्नता होगी। आपसी ताल-मेल बना रहेगा। बौद्धिक विकास। साहसिक प्रयास प्रगति पर होंगे। परिश्रम के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे। धार्मिक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि रहेगी।

| ये, यो, भा भी, भू, धा फा, ढ़ा, ढ़े | नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा.<br>चरण 1234 1234 1 |
|---|---|

**धनु-** सप्ताह में 29 मई से 2 जून तक समय उन्नतिकारक रहेगा। आत्मसंयम से कार्य सिद्धि होगी। व्यावसायिक पक्ष में प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। राजनीतिक लाभ लेने की दिशा में प्रयत्नशील रहेंगे। आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त होगा। मनो-विनोद के अवसर सुलभ होंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ की स्थिति बनेगी। सहयोगियों से विचार-विमर्श होगा। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। शुभ कृत्य संपादित होगा। जनकल्याण की भावना जागृत होगी। संभावित यात्रा का मार्ग प्रशस्त होगा। 3 व 4 जून को समय असंतोषजनक रहेगा। जटिल समस्याओं से परेशान रहेंगे। स्वयं की प्रतिभा का सदुपयोग नहीं कर सकेंगे।



| भो, जा, जी खी, खू, खे खो, गा, गी | नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा<br>चरण 234 1234 12 |
|---|---|

**मकर-** सप्ताह में 29 मई से 4 जून तक निराशा का समापन होगा। पूँजी का प्रतिफल मिलेगा। मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त होगा। बुद्धि-चातुर्य से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। नवयोजना हेतु मित्रों-स्वजनों से विचार-विमर्श होगा। आर्थिक व्यावसायिक प्रगति हेतु किए जा रहे प्रयास सफल होंगे। महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। कार्य-व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना बनेगी। धार्मिक मांगलिक आयोजन सम्पन्न होंगे। पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति होगी। शुभ विचारों से शान्ति मिलेगी। यात्रा सन्तोषजनक रहेगी। मनोविनोद के शुभ अवसर प्राप्त होंगे। नवसम्पर्क का लाभ मिलेगा। राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता रहेगी।

| गू, गे, गो, सा, सी, सू से, सो, दा | नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्रा<br>चरण 34 1234 123 |
|---|---|

**कुंभ-**सप्ताह में 29 मई के दिन 8/52 बजे तक निराशा का समापन होगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि रहेगी। संत समागम होगा। तदुपरान्त 31 की सायं 6/30 बजे तक कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। व्यावसायिक सफलता का मार्ग अवरुद्ध होगा। अभिलाषा की पूर्ति में अड़चनें रहेगी। स्थानान्तरण विषयक मसला उलझेगा। यात्रा अकुशल रहेगी। शेष 4 जून तक समस्याओं का समाधान होगा। सहयोगियों के माध्यम से कुछेक कार्य बनेंगा। नवसम्पर्क लाभदायी होगा। प्रतिकूल परिस्थितियों पर अनुकूलता रहेगी। विरोधी हानि पहुँचाने में असफल रहेंगे। प्रेम संबंधों में मधुरता रहेगी। राजकीय पक्ष से लाभान्वित होंगे।

| दी, दू, थ, -ा, झ, दे, दो, चा, ची | नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती<br>चरण 4 1234 1234 |
|---|---|

**मीन-** सप्ताह में 29 से 31 मई की सायं 6/30 बजे तक समय अनुकूल रहेगा। कार्य-व्यवसाय में अनुकूलता की स्थिति रहेगी। शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। तत्पश्चात् 2 जून तक उलझनें प्रभावी रहेंगी। आशा के विपरीत घटनाएँ घटित होगी। किसी बात को लेकर मन व्यथित रहेगा। कार्यसिद्धि का प्रयास निष्फल होगा। व्यर्थ के भ्रमण से समय नष्ट होगा। 3 व 4 जून को ग्रहयोग बेहतर रहेगा। मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित होगी। समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर रहेगा। भौतिक सुख के जरूरी साधन सुलभ होंगे। दूसरों की सलाह से कामयाबी मिलेगी। वाद-विवाद निवृत्ति का प्रयास। धार्मिक एवं दर्शनीय स्थलों की यात्रा से मानसिक शान्ति मिलेगी।

**व्रत-त्यौहार :-** मंगलवार, 30 मई-श्री गंगा दशहरा। बुधवार, 31 मई-निर्जला एकादशी व्रत, भीमसेनी एकादशी। गुरूवार, 01 जून-प्रदोष व्रत। शनिवार, 03 जून- व्रतादि की पूर्णिमा। रविवार, 04 जून-स्नान-दानादि की पूर्णिमा।

# सरकारी हॉस्पिटल की भूमि कब्जा कर बनाया घर

## ▶▶ अब दबंगों ने खाली भूमि पर डाली ईंटें, तनाव व्याप्त

**बुढ़ाना, 28 मई (बु.)।** गांव लोई का सरकारी हास्पिटल अब फिलहाल दबंगों के कब्जे में है। दबंगों ने पहले तो एक और खाली पड़ी भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना लिया था और अब दूसरी और खाली पड़ी भूमि पर भी अवैध निर्माण करने के लिए हजारों ईंटें डाल ली, जिसको लेकर दूसरे पक्ष ने इस पर ऐतराज जताते हुए थाने मे एक शिकायती पत्र देते हुए अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग संबंधित अधिकारियों से की है। फिलहाल इस भूमि को लेकर 2 पक्षों में जातीय तनाव बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार फैजयाब पुत्र कल्लन और मंजूर पुत्र नजीर निवासीगण गांव लोई तहसील बुढ़ाना ने एक शिकायती पत्र में बताया कि गांव में एक सरकारी अस्पताल बना हुआ है, जिसमें पश्चिम दिशा में अस्पताल की खाली भूमि पड़ी हुई है, जिसमें गांव लोई के सरताज, शाहिद और मुनफैत पुत्रगण बारू ने कुछ भूमि पर अवैध



कब्जा करते हुए मकान बना लिया हैं और अब अस्पताल की उत्तर की दिशा में जो खाली भूमि पड़ी हुई है, उस पर कब्जे की नीयत से ईंटें डाल ली गई हैं। इस बात की जानकारी ग्राम प्रधान को भी है, लेकिन वे इनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। पीड़ित फैजयाब और मंजूर ने अब संबंधित अधिकारियों से सरकारी अस्पताल की भूमि से अवैध कब्जा हटवाये जाने की गुहार लगाई है। कुल मिलाकर दबंगों और शिकायतकर्ताओं में इस मामले को लेकर जातीय तनाव सा बना हुआ है। दोनों पक्ष भी अलग जातियों से बताए गए हैं। इस मामले में आज रविवार के दिन तनाव सा नजर आया। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि ये मामला उनके संज्ञान में अभी आया है। वे इसकी जांच करवाएंगे।

## ताला तोड़कर नगदी व सामान चोरी किया

**रामराज, 28 मई (बु.)।** गांव पुटठी इब्राहिमपुर मे अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर हजारों की नगदी व जेवरात सहित कीमती सामान समान चोरी कर लिया। पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ दी तहरीर है। रामराज थानाक्षेत्र के गांव पुटठी इब्राहिमपुर निवासी राजदेव सिंह पुत्र जसविंदर सिंह का घर मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर स्थित है तथा वह अमरोहा में विद्यालय में अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनकी खेती व मकान की देखभाल गांव का ही नौकर करता है। शाम को नौकर अपने घर पर खाना खाने के लिए गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों मकान में लगे जाल का ताला तोड़कर मकान के अंदर घुस गए तथा मकान के कमरों का ताला तोड़कर 1 जोड़ी चांदी की पाजेब,दो चांदी के सिक्के तथा 12,000 नगद रुपए और कपड़े व खाने का सामान चोरी कर लिया। नौकर ने आकर देखा तो वह हतप्रभ रह गया तथा उसने इसकी सूचना राजदेव व ग्रामीणों को दी, जिस पर मौके पर पहुँचे राजदेव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है ।

## हाईवे में बने गड्ढों से बाइक सवार घायल

**रामराज, 28 मई (बु.)।** टिकौला शुगर मिल के निकट मेरठ-पौड़ी राजमार्ग में बने गहरे-गहरे गड्ढों में गिरकर एक बाईक सवार घायल हो गया। मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को चिकित्सक भर्ती कराया है। दिल्ली के विष्णु गार्डन निवासी गुरु प्रिंस पुत्र राजवेंद्र सिंह अपने साथियों के साथ उत्तराखंड के लैंसडाउन में घूमने गया था तथा रविवार की शाम को वह बाइक से अपने साथियों के साथ लैंसडाउन से घर दिल्ली वापस लौट रहा था, जैसे ही वह रामराज थानाक्षेत्र की टिकोला शुगर मिल के सामने मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर पहुंचा, तो यहा उसकी बाईक राजमार्ग की सड़क में बने गहरे-गहरे गड्ढों में गिरकर अनियंत्रित हो गई तथा उसकी बाईक का व्हील टूट गया, जिसके परिणामस्वरूप गुरु प्रिंस सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सूचना पर पहुची पुलिस ने रामराज के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

## पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है भाकियू तोमर

### -सूदखोर द्वारा किसान की कर दी थी पीट-पीटकर हत्या

**जानसठ, 28 मई (बु.)।** सिखेड़ा पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भारतीय किसान यूनियन तोमर में पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन का ऐलान किया। पुलिस पर आरोप है कि सूदखोर द्वारा वृद्ध किसान की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोपियों को बचाते हुए पीड़ित पक्ष पर ही लगा रही है मुकदमे फैसले का बना रही है दबाव। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर के जिला अध्यक्ष अखिलेश चौधरी के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सिखेड़ा पुलिस की कार्यप्रणाली ठीक ना होने को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। 15 अप्रैल को क्षेत्र के गांव काटका निवासी 50 वर्षीय मेकचन्द पुत्र भूले सिंह वृद्ध किसान की थाना सिखेड़ा क्षेत्र के गांव नगला कबीर निवासी सुधीर पुत्र चंद्रपाल ने ब्याज के रूपये 5000 वसूलने को लेकर वृद्ध किसान को खेत से उठाकर अपने घर ले जाकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद पीड़ित पक्ष द्वारा गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया गया था। वहीं गांव के प्रधान भी इस बीच में पहुंचे, जिसमें सिखेड़ा पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित पीड़ित पक्ष के साथ पहुंचे लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि सिखेड़ा पुलिस के द्वारा पीड़ित पक्ष के साथ-साथ कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की इस गलत कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी तथा रोष व्याप्त है, जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन तोमार के जिलाध्यक्ष अखिलेश चौधरी के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता थाना सिखेड़ा पर पहुंचकर अपने निर्धारित दिए गए समय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

सौरासिस
32 वर्षों से प्रसिद्ध देशी ईलाज
○एलर्जी ○सफेद दाग
○पित्ती उछलना ○खाज खुजली
डॉ. जगदीश गर्ग
163, चौधरी चरण सिंह मार्किट (प्रथम मंजिल) महावीर चौक रोड, मुजफ्फरनगर

•शिरयान व धात जाना •शीघ्र पतन
•नामर्दी व सुस्ती •स्वप्न दोष
•वीर्य में Sperm Count & Motility की कमी के रोगी अवश्य मिलें।
मिलने का समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
Mob.: 9410064040 रविवार अवकाश
नोट : शराब छुड़ाने की दवाई दी जाती है। रोगी को लाने व बतलाने की आवश्यकता नहीं।

## शशि थरूर ने दोनों पक्षों के तर्कों को कहा सही

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** संसद के अंदर राजदंड सेंगोल को लेकर भी विवाद छिड़ गया है। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने दोनों पक्षों के तर्क को सही ठहराया। वहीं सलाह भी दे डाली। राजदंड सेंगोल को लेकर विवाद के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को इस मुद्दे पर सरकार और विपक्ष दोनों की दलीलों को अपनी-अपनी जगह सही बताया। सरकार का तर्क सही है कि राजदंड पवित्र संप्रभुता तथा धर्म के शासन को मूर्त रूप देकर परंपरा की निरंतरता को दर्शाता है। विपक्ष का तर्क सही है कि संविधान को लोगों के नाम पर अपनाया गया था और यह संप्रभुता भारत के लोगों में, संसद में उनके प्रतिनिधित्व के रूप में मौजूद है और यह दैवीय अधिकार के तहत सौंपा गया किसी राजा का विशेषाधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में माउंटबेटन द्वारा (जवाहरलाल) नेहरू को दिए गए राजदंड के बारे में अप्रासंगिक जानकारियों को छोड़ दिया जाए तो दोनों पक्षों के रुख के बीच सामंजस्य बैठाया जा सकता है। राजदंड संबंधी यह एक ऐसी कहानी है जिसका कोई सबूत नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं तिरुवनंतपुरम से सांसद ने कहा कि आइए हम अतीत के इस प्रतीक को अपनाकर अपने वर्तमान मूल्यों को मजबूत करें।

## जेसीबी ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पिता पुत्री हुई घायल

**चरथावल, 28 मई (बु.)।** ग्राम लकडसन्धा में गलत साइड से आ रही जेसीबी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार एवं उसकी पुत्री घायल हो गई। राहगीरों के द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

चरथावल क्षेत्र के ग्राम नंगला राई निवासी कादिर राही की चरथावल कस्बे में राही वॉच सेंटर एन्ड स्पोर्ट्स की चरथावल कस्बे में दुकान है। वह बाइक पर सवार होकर अपनी पुत्री अजका के साथ दुकान का सामान लेने गया हुआ था। देर शाम वापस लौटते समय ग्राम लकडसन्धा में गलत साइड से आ रही जेसीबी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार एवं उसकी पुत्री घायल हो गई। राहगीरों के द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

# 2024 लोकसभा चुनाव से पहले जनगणना की उम्मीद नहीं

## -पानी से लेकर लैपटॉप के बारे में पूछे जाएंगे 31 सवाल

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** कोरोना के कारण स्थगित की गई जनगणना की प्रक्रिया लोकसभा चुनावों से पहले नहीं शुरू हो सकेगी। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि महामारी के कारण अनिश्चित काल के लिए स्थगित की गई जनगणना अप्रैल-मई 2024 में होने वाले अगले लोकसभा चुनाव से पहले होने की संभावना नहीं है। हालांकि जनगणना की कार्रवाई शुरू होने से पहले ये सामने आया है कि जब यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी तो लोगों से कुछ नए तरह के सवाल भी पूछे जा सकते हैं। बता दें कि जनगणना के हाउस लिस्टिंग स्टेज और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (ठढफ) को अपडेट करने की कवायद 1 देश भर में अप्रैल से 30 सितंबर, 2020 तक में होने वाली थी, लेकिन उसी दौरान कोरोना महामारी का प्रकोप आ गया। जिसके कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। तब से लेकर अभी तक सरकार ने जनगणना के लिए कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि जब भी जनगणना की प्रक्रिया शुरू होगी तब देशभर में इसमें करीबन 30 लाख सरकारी कर्मियों को लगाया जाएगा। ऐसे में उन सभी 30 लाख सरकारी कर्मचारियों/शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए भी दो से तीन महीने की आवश्यकता होगी। इन कर्मियों को जनगणना के लिए प्रगणक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। वहीं, अगले आम चुनाव भी होना है। जिसके लिए चुनाव आयोग जल्दी ही मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण आदि की प्रक्रिया शुरू करेगा। अधिकारियों का कहना है कि अगर 30 जून तक सरकार जनगणना के संदर्भ में कोई अधिसूचना जारी भी करती है तो अक्टूबर से सरकारी कर्मियों को जनगणना की ट्रेनिंग दिलाने के लिए बहुत कम समय है। क्योंकि चुनाव आयोग के मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में भी उन्ही कर्मियों को लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में प्राथमिकता बदली जा सकती है इसलिए संभावना है कि जनगणना का काम लोकसभा चुनाव के बाद ही किया जाएगा। महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय के अनुसार, नागरिकों से पूछे जाने वाले 31 सवाल तय किए जा चुके हैं। इन सवालों में शामिल है कि क्या किसी परिवार के पास टेलीफोन लाइन है, इंटरनेट कनेक्शन है, मोबाइल या स्मार्टफोन है। साइकिल है, स्कूटर है या मोटरसाइकिल है या मोपेड है, क्या उनके पास कार, जीप या वैन है। साथ ही नागरिकों से यह भी पूछा जाएगा कि वे घर में कौन सा अनाज खाते हैं? उनके पीने के पानी और रोशनी का मुख्य स्रोत क्या है? शौचालय तक पहुंच और उसके प्रकार, नहाने की सुविधा की उपलब्धता, रसोई और एलपीजी या पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता, खाने पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाला मुख्य ईंधन, रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन की उपलब्धता, आदि शामिल हैं।

## शिव मंदिर की मूर्ति के नगर भ्रमण यात्रा में झूमे श्रद्धालु

**पुरकाजी, 28 मई (बु.)।** कस्बे के कानूनगोयान हिंदू मोहल्ले में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम को लेकर नगर भ्रमण किया गया। भारी संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए।

शिव मंदिर परिसर में नई मूर्तियों को लेकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा है। सात दिवसीय मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में रविवार को मूर्ति नगर भ्रमण किया गया। उद्घाटन पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य डॉ. संदीप वर्मा ने किया। नगर भ्रमण में कस्बा व देहात से आए श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़ों के साथ माता का गुणगान करते हुए नृत्य किया। पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव कर रास्तों में कली चूना डालकर व्यवस्था की। ब्रज किशोर गुप्ता, मुकेश गुप्ता, भूपेंद्र राठी, सोनू मित्तल, दीपक राठी, मनीष गुप्ता, सुशील मित्तल, दीपू गुप्ता, चंद्रभूषण गर्ग, हिमांशु कौशिक, अर्जुन गुप्ता, धीरज गर्ग, अनुज शर्मा, अक्षय राठी, विजेंद्र शर्मा, पंडित भानु शर्मा, डॉ. बी. बी. गुप्ता, नितिन गुप्ता, मदनलाल मित्तल, ऋषभ गोयल, अनुज शर्मा, अंकुर गुप्ता, डॉ भोपाल राठी, तुषार चंचल, मास्टर यशपाल, पप्पू धीमान, रमेश गोयल, ललित गुप्ता, मोनू धीमान, विमल कुमार आदि मौजूद रहे।

## हिंदू जागरण मंच की सामाजिक समन्वय बैठक संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** रविवार को हिंदू जागरण मंच लक्ष्मी नगर की एक सामाजिक समन्वय बैठक भगवंती सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज नई मण्डी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रांत संगठन मंत्री गोपाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक लक्ष्मी नगर निपेंद्र ने अपना विषय सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं के सामने रखा। स्वामी यशवीर जी महाराज का भी सानिध्य संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनगर दीपा त्यागी, जिला संयोजक अनुज भारद्वाज, जिला संरक्षक बागेश अग्रवाल, जिला सह संयोजक संजय पुंडीर, पंकज भारद्वाज, कमलदीप, नगर संयोजक हरीश पालीवाल, जिला महिला आयाम से मोनिका शर्मा, जिला युवा आयाम से अखिलेश पुरी, राजकुमार, दीपक शर्मा, दीपक कश्यप, विपिन पाल, श्याम हरि, अंजलि हरि और हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**55 वर्ष पूर्व**

**देश के पहलवान दारा सिंह विश्व चैम्पियन बने**

**नई दिल्ली, 28 मई (वार्ता)।** भारत एवं विश्व इतिहास में 29 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:-1658-सामुगढ़ की लड़ाई में औरंगजेब ने दारा शिकोह को शिकस्त दी। 1922-इक्वाडोर को आजादी मिली। 1947-इंडियन स्टैंडर्ड इंस्टिट्यूट की स्थापना। 1953-शेरपा तेनजिंग

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

## नया संसद भवन, परिसीमन

कल रविवार को नयी संसद का उद्घाटन हो चुका है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल सुबह हवन-पूजन यज्ञ के साथ नयी संसद देश को समर्पित की। इसी के साथ संसदीय परिसीमन की चर्चा भी आरम्भ हो गयी है। नयी संसद को लेकर विपक्ष का विरोध कई तरीकों से कल भी हुआ सरकार के विरोध में बोलने वाले नेता कल खूब बोले। नयी संसद को लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने एक ट्वीट के जरिए अपना विरोध जताया है। राष्ट्रीय जनता दल ने नयी संसद की तुलना ताबूत से की है। पार्टी ने ट्वीट में पूछा है "ये क्या है"? इसके जवाब में बिहार भाजपा ने ट्वीट किया है, पहला चित्र यानी ताबूत आपका भविष्य है और दूसरा चित्र यानी नयी संसद भारत का। बिहार के एक भाजपा नेता ने कहा है कि प्राचीन काल की तरह आज भी राक्षस होते हैं। आज के राक्षस भी, पुराने राक्षसों की तरह अच्छे कामों में बाधा डालते हैं। विशाल,भव्य,भवन के उद्घाटन, पूजन यज्ञ का विरोध, उस पर हाय तौबा, विलाप यह सब उसी राक्षसी स्वभाव का प्रतीक है। तब भी यज्ञ हवन को खंडित करने के राक्षसी प्रयास होते थे, अब भी होते हैं। कई सेलेब्रिटीज ने उद्घाटन से पहले नयी संसद पर अपनी आवाज में वीडियो शेयर किए हैं। उद्घाटन से पहले प्रधानमन्त्री ने पार्लियामेंट बिल्डिंग के वीडियो के लिए सभी से वॉयस ओवर देने की अपील की थी। इसके बाद शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अनुपम खेर जैसे सेलिब्रिटीज ने इस वीडियो में अपनी आवाज दी। मोदी ने ट्वीट कर शाहरुख और अक्षय कुमार सहित कइयों की वॉयस ओवर की तारीफ की। वर्तमान समय में लोकसभा सीटों की संख्या 545 है। 1971 की जनगणना के आधार पर किए गए परिसीमन पर आधारित इन सीटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सीटों की संख्या पर यह स्थिरता साल 2026 तक रहेगी, लेकिन उसके बाद सीटों में बढ़ोतरी की संभावना है। ऐसे में जो नये सांसद चुनकर आएंगे, उनके लिए पर्याप्त स्थान नहीं होगा। कई नेताओं का कहना है कि जो नेता, नये संसद भवन को अनावश्यक बता रहे हैं। भविष्य में वे ही सोचेंगे कि हमने 2023 में कितनी मूर्खतापूर्ण बात कही थी। सरकार का कहना है कि स्वतंत्रता से पहले जब संसद भवन का निर्माण किया जा रहा था, तब सीवर लाइनों, एयर कंडीशनिंग, अग्निशमन, सीसीटीवी, ऑडियो वीडियो सिस्टम जैसी चीजों का खास ध्यान नहीं रखा गया था। बदलते समय के साथ संसद भवन में इन्हें जोड़ा तो गया, लेकिन उससे भवन में सीलन जैसी दिक्कतें पैदा हुई हैं और आग लगने का खतरा बढ़ा है। करीब 100 साल पहले जब संसद भवन का निर्माण हुआ था, उस वक़्त दिल्ली भूकंपीय क्षेत्र-2 में थी, लेकिन अब यह चार में पहुंच गई है। सांसदों के अलावा सैकड़ों की संख्या में ऐसे कर्मचारी हैं, जो संसद में काम करते हैं। लगातार बढ़ते दबाव के चलते संसद भवन में काफी भीड़ हो गई है। संसद में लोकसभा भवन को राष्ट्रीय पक्षी मयूर और राज्यसभा को राष्ट्रीय फूल कमल की थीम पर डिजाइन किया गया है। पुरानी लोकसभा में अधिकतम 552 व्यक्ति बैठ सकते हैं। नये लोकसभा भवन में 888 सीटों की क्षमता है। पुराने राज्यसभा भवन में 250 सदस्यों के बैठने की जगह है, वहीं नये राज्यसभा हॉल की क्षमता को बढ़ाकर 384 किया गया है। नये संसद भवन की संयुक्त बैठक के दौरान वहाँ 1272 सदस्य बैठ सकेंगे। इस बात ने दक्षिण के राज्यों को चिंता में डाल दिया है। इन राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें करीब आधी हो जाएंगी। आखिरी बार 1976 में, 1971 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन किया गया था। उस वक़्त देश की आबादी 54 करोड़ थी और हर 10 लाख आबादी पर एक लोकसभा सीट का फॉर्मूला अपनाया गया था। इस तरह कुल 543 सीटें तय की गईं। 2011 में देश की आबादी करीब 121 करोड़ थी। उसके बाद जनगणना नहीं हुई है। अगर उसी जनगणना को आधार मानकर 2026 में परिसीमन किया जाता है और प्रति 10 लाख आबादी पर एक सीट का फॉर्मूला अपनाया जाता है, तो देशभर में कुल 1210 सीटें होंगी। चूंकि नई संसद की लोकसभा में अधिकतम 888 सांसद ही बैठ सकेंगे। अगर इसे परिसीमन का आधार मानकर 1210 सीटों के साथ एडजस्ट करें, तो यूपी को 147 और कर्नाटक को 45 सीटें मिलेंगी। बाकी राज्यों में भी यही फॉर्मूला लगेगा। 60 -70 के दशक में सरकार ने जनसंख्या काबू करने पर जोर लगा रखा था। दक्षिणी राज्य इस मामले में उत्तरी राज्यों खासतौर पर हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले काफी आगे थे, लेकिन उनकी इस उपलब्धि के पीछे एक कड़वा सच भी था। वह यह कि जनसंख्या घटी, तो लोकसभा में उत्तर भारतीय राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें कम हो जाएंगी। दक्षिणी राज्यों की इस शिकायत को दूर करने के लिए इंदिरा सरकार ने 1976 में इमरजेंसी के दौरान संविधान में संशोधन करके नए परिसीमन पर 2026 तक रोक लगा दी थी। सरकार का मानना था कि 2026 तक सभी राज्यों में जनसंख्या बढ़ने की दर एक जैसी हो जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। आंकड़े भी इसकी गवाही देते हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक दक्षिण भारत के राज्यों की औसत जनसंख्या वृद्धि दर 12.1प्रतिशत है, जबकि हिंदीभाषी राज्यों की औसत जनसंख्या वृद्धि दर 21.6 प्रतिशत यानी हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले करीब 9.5 प्रतिशत कम। इसलिए दक्षिण के राज्यों को लगता है कि प्रति 10 लाख आबादी वाला फॉर्मूला अपनाया गया, तो लोकसभा में उनकी मौजूदगी उत्तर भारत के राज्यों के मुकाबले घट जाएगी। उद्घाटन अवसर पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, कि आज नये संसद भवन को देखकर हर भारतीय गौरव से भरा हुआ है। इसमें वास्तु, विरासत, कला, कौशल, संस्कृति और संविधान भी है। भारत का विकसित होने का संकल्प दुनिया के कई देशों का संबल बनेगा। ये नया संसद भवन इस विश्वास को नयी बुलंदी देने वाला है। मुझे विश्वास है कि इस संसद में जो जनप्रतिनिधि बैठेंगे, वो देश को नयी प्रेरणा देने का काम करेंगे। पीएम ने कहा, हमें कर्तव्य को प्राथमिकता में रखना होगा। हमें निरंतर खुद में सुधार करना होगा। हमें खुद को तपाना होगा, खुद को खपाना होगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। यह नया भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करने का साधन बनेगा। यह नया भवन आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा। यह नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धी होते हुए देखेगा।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"दुर्योधन" "किरदार" "सिलसिला" "मन्थरा"

न खर दूषण ही मर पाए, न दुर्योधन ही गायब हैं,
कई शैतान जिन्दा हैं, है उनका सिलसिला जिन्दा।
हैं सब किरदार दुनिया में, फकत बस नाम बदले हैं,
हजारों राक्षस बाकी, अभी है मन्थरा जिन्दा।

# महाकाल लंगर सेवा के तीन बेमिसाल साल पूर्ण

**-चेयरमैन व प्रबुद्ध नागरिकों ने सेवादारों का उत्साह बढ़ाया -माता-पिता की मैरिज एनिवर्सरी पर सेवा शुरू हुई - दानियों के द्वारा प्रतिदिन चल रही है यह लंगर सेवा**

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** रेलवे स्टेशन मंडी साइड गरीब बेसहारा मजदूरों के लिए शाम को प्रतिदिन निशुल्क भोजन की व्यवस्था को लेकर चल रही महाकाल लंगर सेवा को आज 3 साल पूरे हो गए। प्रेस काउंसिल के सदस्य व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, चेयरमैन पति उद्यमी गौरव स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, पंजाबी समाज के अध्यक्ष सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, गांधी कॉलोनी के महात्मा सवानंद पूरी, गांधी टैंट हाऊस पंकज जैन, सभासद नवनीत, सभासद अमित पटपटिया, पूर्व सभासद प्रेमी छाबड़ा आदि का पटका पहनाकर और रुद्राक्ष भेंट कर सम्मान किया गया। महात्मा सवानंद पुरी, पीके जैन, विवेक अरोरा, सागर वत्स, राकेश धीगडा, हरिकिशन भोला, नरेश चौधरी, जगदीश बाठला, विजेंद्र गोयल, विनोद कुमार, मुकुल दुआ, हिमाशु हुडिया, धीरज गिरधर तथा कमला भगत आदि ने भाग लिया शहीद एकता मंच के कार्यकर्ताओं का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन आंदोलनकारी मास्टर विजय सिंह ने किया। संयोजक महेश बाठला द्वारा यह लंगर सेवा अपने पिताजी माता जी प्रेम सागर बाठला आरती बाठला की मैरिज एनिवर्सरी के अवसर पर 3 साल पहले शुरू की गई थी। इस लंगर सेवा में लगभग 200 व्यक्ति प्रतिदिन शाम को निशुल्क भोजन करते हैं। इस लंगर सेवा का उद्देश्य मुजफ्फरनगर शहर में कोई व्यक्ति भूखा न सोए है। यह लंगर सेवा दानदाताओं के सहयोग से चल रही है। शहर के प्रबुद्ध लोग जन्मदिन मैरिज एनिवर्सरी तथा अपने माता-पिता सगे संबंधियों के पुण्य तिथि को गरीबों में आकर मनाते है। उन्हें पौष्टिक खाना व मिष्ठान खिलाते हैं। महाकाल लंगर सेवा लावारिस गरीबों का भी दाह संस्कार भी करती है। इस सेवा के तीन बेमिसाल साल पूर्ण होने पर आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शहर के प्रबुद्ध लोगों ने लंगर सेवा स्थल पर आकर सेवादारों का उत्साहवर्धन किया। सेवादार महेश बाठला, सरदार गुरजीत सिंह, श्याम नारंग, वरुण, राजेश गोयल, संजय त्यागी, सचिन खुराना, पुष्पेंद्र जैन, प्रेम सागर, हिमांशु बाटला, भावना, रमिंदर कौर ने सभी अतिथियों व दानदाताओं को पटके व प्रतीक चिन्ह तथा फूलों की माला भेंट कर सम्मान किया।

## आयकर विभाग के नोटिस का नहीं दिया जवाब तो बढ़ेगी परेशानी

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने ह्यजांच' के दायरे में लिए जाने वाले मामलों के बारे में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत ऐसे आयकरदाताओं जिन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा भेजे गए नोटिस का जवाब नहीं दिया है, उनके मामलों की जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी। वहीं, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट उन मामलों की जांच भी करेगा जहां किसी लॉ इंफोर्समेंट एजेंसी या रेगुलेटरी अथॉरिटी द्वारा टैक्स चोरी से संबंधित विशिष्ट जानकारी उपलब्ध कराई गई है। गौरतलब है, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के निर्देश पर आयकर विभाग ने इस महीने 16 तारीख से देशभर में टैक्स चोरी, जीएसटी चोरी, फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन जैसे मामलों को रोकने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया था। अभियान के दौरान जिन आयकरदाताओं के दस्तावेज संदेहास्पद मिले हैं उन्हें सीबीडीटी ने नोटिस भेजा था। वहीं, इंडीविजुअल करदाताओं को भी नोटिस भेजा गया था, लेकिन जिन लोगों ने अब तक जवाब नहीं दिया है उनके मामलों की जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, कर अधिकारियों को आय में गड़बड़ियों के बारे में करदाताओं को 30 जून तक आयकर अधिनियम की धारा 143(2) के तहत नोटिस भेजना होगा। इसके बाद आयकरदाताओं को इस बारे में संबंधित दस्तावेज पेश करने होंगे। बता दें, नए दिशा-निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि जहां अधिनियम की धारा 142(1) के तहत नोटिस के जवाब में कोई रिटर्न नहीं दिया गया है, ऐसे मामले को नेशनल फेसलेस असेसमेंट सेंटर (एनएएफएसी) को भेजा जाएगा, जो आगे की कार्रवाई करेगा। आपको बता दें, आयकर अधिनियम की धारा 142(1) इनकम टैक्स अधिकारियों को रिटर्न दाखिल किए जाने की स्थिति में एक नोटिस जारी कर और स्पष्टीकरण या जानकारी मांगने का अधिकार देती है। जिन मामलों में रिटर्न दाखिल नहीं किया गया हो उन्हें निर्धारित तरीके से आवश्यक जानकारी पेश करने को कहा जाता है। ऐसे मामलों में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट एक इंटीग्रेटेड लिस्ट जारी करता है, जिनमें सक्षम प्राधिकरण द्वारा छूट को रद्द या वापस किए जाने के बावजूद टैक्सपेयर्स इनकम टैक्स रियायत या कटौती की मांग करता है। इसके अलावा कहा गया है कि अधिनियम की धारा 143(2) के तहत आयकरदाताओं को एनएएफएसी के माध्यम से नोटिस दिया जाएगा।

## ट्यूशन टीचर ने 10 दिन बंधक बनाकर लूटी अस्मत

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** महरौली थाना क्षेत्र में एक छात्रा को उसके ट्यूशन टीचर ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। आरोपित ट्यूशन टीचर ने 16 वर्षीय पीड़िता को 10 दिनों तक अपने ही घर में बंधक बना कर रखा और पीड़िता को किसी को कुछ भी बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित बहला-फुसला कर उन्हें अपनी बाइक पर बैठाकर अपने घर ले गया। जहां उसने वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता किसी तरह भागकर अपने घर पहुंची। बदनामी व डर की वजह से पीड़िता ने किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन आरोपित की हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने महरौली थाना पुलिस को मामले में शिकायत दी है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पाक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता अपने परिवार के साथ दिल्ली के महरौली इलाके में रहती है। 18 वर्षीय छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अप्रैल 2021 में उनके ट्यूशन टीचर उन्हें बहला-फुसला कर बाइक पर अपने साथ अपने घर ले गया था। इसके बाद आरोपित ने जबरन उनके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान वह केवल 16 वर्ष की थी। हालांकि, पीड़िता ने किसी तरह से मौका पाकर वहां से भागने में कामयाब रही और अपने घर आ गई। कुछ समय बाद उन्होंने इसकी जानकारी अपने स्वजन को दी। इसके बाद आरोपित द्वारा लगातार परेशान करने के चलते पीड़िता ने पुलिस को मामले में शिकायत दी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## क्रांति सेना में कई पदाधिकारी बदले

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** क्रांति सेना ने रविवार को अमित अग्रवाल उर्फ बंटी के स्थान पर शरद कपूर को क्रांतिसेना का सहारनपुर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने पार्टी कार्यालय पर प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर घोषणा करते हुए कहा कि अमित अग्रवाल के पिछले काफी महीनों से संगठन मे निष्क्रिय रहने और पार्टी कार्यक्रमों की अनदेखी करने के कारण उन्हें संगठन की प्राथमिक सदस्यता से हटा दिया गया है। प्रकाश मार्केट स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर क्रांति सेना के संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा की अध्यक्षता व क्रांति सेना के प्रदेश महासचिव मनोज सैनी के संचालन में आयोजित की गई। क्रांति सेना युवा इकाई के जिलाध्यक्ष पद पर जितेंद्र गोस्वामी व युवा जिला महासचिव की जिम्मेदारी पुष्पेंद्र सैनी को दी गई। अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा संगठन में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सावन मास की शिवरात्रि पर क्रांति सेना द्वारा आयोजित कावड़ सेवा शिविर मैं सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। क्रांति सेना का शिविर 3 जुलाई से प्रारंभ होगा और 15 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर शिवसेना के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र शर्मा, शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा, शिव सेना प्रबुद्ध प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, अनुज चौधरी गौरव गर्ग, सुनील सैनी, अवनीश चौहान, ओंकार पंडित, देवेंद्र चौहान, ब्रहम प्रकाश, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अंजू त्यागी, नगर अध्यक्ष नेहा गोयल अनिता चौधरी, सहारनपुर मंडल महासचिव शालू चौधरी, मंगतराम, राजन वर्मा, सुशील कुमार, हरेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा चंदन, सनी वर्मा, हेम कुमार कश्यप, शैलेंद्र विश्वकर्मा, बाबूराम, मोनू सैनी, सचिन जोगी, शंकी शर्मा, प्रदीप जैन, नरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र तायल, अंकुर जैन, विकास चौहान, बॉबी शर्मा, प्रवीण शर्मा, अजय सैनी, आलोक अग्रवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## शुकतीर्थ में ज्येष्ठ दशहरा मेला प्रारंभ, जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में रविवार को जेष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले का शुभारंभ गंगा आरती के साथ किया गया। गंगा आरती के दौरान साधु संत सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मंगलवार को जेष्ठ दशहरे का मुख्य स्नान होगा जिसमें हर वर्ष की तरह इस बार भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे तथा गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य कमाएंगे। शुकतीर्थ में जिला पंचायत के तत्वधान में प्रत्येक वर्ष लगने वाले जेष्ठ गंगा स्नान मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल द्वारा गंगा घाट पर मां गंगा की महाआरती के साथ आयोजन किया गया। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए गंगा में बेरिकेटिंग की गई है, जिससे श्रद्धालु गहरे पानी में ना जा सकें। गंगा घाट पर महिलाओं के लिए वस्त्र परिवर्तन शाला बनाई गई है। जिला पंचायत का डॉक्टर वीरपाल निर्वाल ने बताया कि गंगा स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 1000 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है, जिससे श्रद्धालु गंगा में आसानी से स्नान कर सकें। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल के साथ साथ मेले में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेले में दुकाने सज गई हैं और काफी लोग वहां पहुंच रहे हैं।

## बांद्रा-वसोर्वा समुद्र सेतु का नाम वीर सावरकर के नाम पर होगा; मुख्यमंत्री शिंदे ने किया ऐलान

मुंबई, 28 मई (एजेंसी)। वीर सावरकर जयंती के दिन महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि राज्य की सरकार ने सावरकर जयंती को वीर सावरकर गौरव दिन के रूप में मनाने का फैसला किया है। सरकार ने बांद्रा-वसोर्वा समुद्र सेतु का नाम करण भी वीर सावरकर के नाम पर करने का फैसला किया है। अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को वीर सावरकर वीरता पुरस्कार देने का फैसला भी किया गया है।

## 'द केरल स्टोरी' पर दिए बयान को लेकर कमल हासन पर भड़के सुदीप्तो सेन

**मुंबई, 28 मई (एजेंसी)।** 'द केरल स्टोरी' विवादों में घिरने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर चुकी है। दर्शक और राजनेताओं के साथ साथ फिल्म इंडस्ट्री के सितारे में फिल्म को लेकर दो गुट में बंटे हुए हैं। सुपरस्टार कमल हासन ने शनिवार, 27 मई को सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी अदा शर्मा की फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रोपेगेंडा बताया था और फिल्म से किनारा कर लिया था। दरअसल, अभिनेता आईआईएफए 2023 के लिए उपस्थित थे और उन्होंने प्रेस के साथ बातचीत करते हुए 'द केरल स्टोरी' के बारे में अपने विचार साझा किए। वहीं, अब कमल के बयान पर सुदीप्तो सेन ने प्रतिक्रिया दी है। आज रविवार, 28 मई को 'द केरल स्टोरी' के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने कमल हासन की राय पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और स्पष्ट किया कि उन्होंने उन लोगों को समझना और समझाना बंद कर दिया है, जिन्होंने फिल्म नहीं देखी है और जो पहले से तय धारणा पर कायम हैं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुदीप्तो ने कहा, "पहले मैं कोशिश करता था और समझाता था, लेकिन आज मैं ऐसा नहीं करता, क्योंकि जिन लोगों ने इसे एक प्रचार फिल्म कहा था, उन्होंने इसे देखने के बाद कहा कि यह अच्छी है, जिन लोगों ने यह नहीं देखी, वे इसकी आलोचना कर रहे हैं।"

अपने कार्यालय पर गौरव स्वरुप जी को सम्मानित करते वरिष्ठ अधिवक्ता शलभ कौशिक एडवोकेट।

## जिला कारागार में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**-बंदियों के लिये बनाई गई लाइब्रेरी व वाटिका का 1 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया**

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के लिये बनाई गई लाइब्रेरी व वाटिका का 1 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसका उद्घाटन सीजेएम व जेल अधीक्षक ने किया। मुजफ्फरनगर के जिला कारागार में पिछले वर्ष निरुद्ध बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा लाने के लिये लाइब्रेरी व वाटिका का उद्घाटन संतो के द्वारा किया गया था। इसका आज एक वर्ष पूर्ण हो गया। इसी को लेकर जिला कारागार में जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा द्वारा फिर एक बार पूजा-पाठ अर्चना करके वाटिका व लाइब्रेरी की सालगिरह मनाई गई। लाइब्रेरी में प्रतिदिन डेढ़ सौ के करीब धार्मिक किताबें बंदियों को पढ़ने के लिए जारी होती है, जिन्हें कैदी पढ़कर अपनी दिनचर्या में अपना मानसिक विकास शारीरिक विकास व सकारात्मक ऊर्जा अपने अचार विचार सही करते है, ताकि बंदियों में सकारात्मकता उत्पन्न हो और जेल से बाहर आने के बाद वह अच्छा जीवन जी सकें। इसी को लेकर लाइब्रेरी का उद्घाटन जिला कारागार में किया गया था और एक वाटिका भी बनाई गई थी। बंदियों को पढ़ाने के लिए शिक्षक भी रखे हुए हैं। लगातार बंदियों को दिनचर्य को अच्छा बनाने के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन होता रहता है । उनके लिए धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। सीताराम शर्मा ने बताया कि बंदियों में इन कार्यो से सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न हो रही है। पहले की अपेक्षा अब बंदी जिला कारागार में अच्छा व्यवहार करते हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य कारागार में निरुद्ध बंदियों को बाहर के जीवन के लिये आत्मनिर्भर बनाना है।




## परिसीमन हुआ तो हिंदी भाषी राज्यों में 84% सीटें बढ़ेंगी

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** नई संसद की लोकसभा में 888 सांसद बैठ सकेंगे। इस बात ने दक्षिण के राज्यों को चिंता में डाल दिया है। इन राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें करीब आधी हो जाएंगी। परिसीमन के बाद दक्षिण के पांच राज्यों में 42% सीटें बढ़ेंगीं। जबकि हिंदीभाषी आठ राज्यों की सीटें करीब 84% बढ़ जाएंगीं। यानी दक्षिण राज्यों के मुकाबले दोगुनी सीटें। पिछले चुनाव में इन्हीं आठ राज्यों से इखढ को 60% सीटें मिली थीं। आखिरी बार 1976 में, 1971 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन किया गया था। उस वक्त देश की आबादी 54 करोड़ थी और हर 10 लाख आबादी पर एक लोकसभा सीट का फॉर्मूला अपनाया गया था। इस तरह कुल 543 सीटें तय की गईं। 2011 में देश की आबादी करीब 121 करोड़ थी। उसके बाद जनगणना नहीं हुई है। अगर उसी जनगणना को आधार मानकर 2026 में परिसीमन किया जाता है और प्रति 10 लाख आबादी पर एक सीट का फॉर्मूला अपनाया जाता है, तो देशभर में कुल 1210 सीटें होंगी। चूंकि नई संसद की लोकसभा में अधिकतम 888 सांसद ही बैठ सकेंगे। अगर इसे परिसीमन का आधार मानकर 1210 सीटों के साथ एडजस्ट करें, तो यूपी को 147 और कर्नाटक को 45 सीटें मिलेंगी। बाकी राज्यों में भी यही फॉर्मूला लगेगा। 1971 के बाद देश में 5 बार जनगणना हो चुकी है। 2021 वाली जनगणना अभी होनी है। आखिरी बार 2011 में जनगणना हुई थी, तब देश की आबादी करीब 121 करोड़ थी। यानी 1971 के मुकाबले 2.25 गुना ज्यादा, लेकिन लोकसभा की सीटें नहीं बढ़ीं। ऐसे में सवाल है कि 46 साल बाद भी हम उसी फॉर्मूले पर क्यों टिके हुए हैं? 2019 में भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने लोकसभा में 1000 सीटें करने की मांग की थी। रविवार को नई संसद के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने भी कहा कि आने वाले समय में लोकसभा की सीटें बढ़ेंगीं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह और भाजपा राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने भी परिसीमन का जिक्र किया। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि 2026 में परिसीमन किया जा सकता है।

## ग्राम पंचायत सचिव विकास कुमार निलंबित

**बुढ़ाना, 28 मई (बु.)।** सरकारी रिकार्ड में हेराफेरी करने के आरोप में ग्राम पंचायत सचिव विकास कुमार को निलंबित कर दिया गया है। वर्तमान में विकास कुमार ग्राम पंचायत मंडावली खादर में तैनात थे। खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत बिटावदा में तैनात रहे ग्राम पंचायत सचिव विकास कुमार को जिला विकास अधिकारी ने जांच के उपरांत निलंबित कर दिया। विकास कुमार के खिलाफ बहुत अधिक शिकायतें थी, जिनकी जांच चल रही थी। सरकारी रिकार्ड में हेराफेरी करने की जांच सही पाई गई। इस पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## मुजफ्फरनगर के हसनैन जाफर जैदी ने कैन्स फिल्म महोत्सव में मचाई धूम

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** जिले के हसनैन जाफर जईदी ने कैन्स फिल्म फेस्टिवल की प्रतिष्ठित लाल कारपेट पर अविस्मरणीय छाप छोड़ी है। यहां फ्रांसीसी पत्रिका रिवेरा बज मैगजीन के लिए कार्यरत और पीआरओ टीम के सामाजिक मीडिया प्रबंधक के तौर पर जैदी की मौजूदगी ने उन्हें स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता और पहचान प्राप्त कराई है। जैदी की कैंस फिल्म फेस्टिवल तक की यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, नागर और विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, कैप्टन संदीप सिंह संधू और पूर्व मंत्री संजय सत्येन्द्र पाठक जैसे प्रमुख राजनीतिक नेताओं के साथ कार्य कर चुके हैं। जईदी की पत्रकारिता में यात्रा कैप्टन संदीप सिंह संधू, पंजाब के मुख्यमंत्री के ओएसडी के लिए सोशल मीडिया प्रबंधक के रूप में शुरू हुई।

उनकी सोशल मीडिया अभियान बनाने और अच्छी तरह से प्रचारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रखी गई। जैदी ने 50 से अधिक राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है, जिसमें युवा संसद, वाद-विवाद, भाषण, नुक्कड़ नाटक, और कविता चैंपियनशिप शामिल है हसनैन जाफर जईदी की अद्वितीय यात्रा एक छोटे से शहर से कैंस फिल्म फेस्टिवल के प्रतीकात्मक लाल कारपेट तक उनके अडिग समर्पण, अद्वितीय कौशल और बहुमुखिता की प्रमाणिकता है।

## आंधी-बारिश प्रभावितों की मदद करें: योगी

**लखनऊ, 28 मई (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न जनपदों में हुई बारिश और आंधी के दृष्टिगत अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें।

उन्होंने आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपये की अनुमन्य राहत राशि अविलम्ब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।

## रालोद नेत्री अनुपमा ने नहीं मानी पुलिस की मान मनौव्वल

**बुढ़ाना, 28 मई (बु.)।** बीते कल से स्थानीय पुलिस रालोद न

## उज्जैन के महाकाल लोक में आंधी से मूर्तियां गिरीं

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में रविवार को तेज आंधी के कारण महाकाल लोक की मूर्तियां गिर गईं। सप्तऋषियों की 6 मूर्तियां गिर कर खंडित हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2022 को उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल लोक का लोकार्पण किया था।10 से 25 फीट ऊंची ये मूर्तियां लाल पत्थर और फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक से बनी हैं। इन पर गुजरात की एमपी बाबरिया फर्म से जुड़े गुजरात, ओडिशा और राजस्थान के कलाकारों ने कारीगरी की है। क्रेन की मदद से मूर्तियों को दोबारा लगवाया जाएगा।फिलहाल मूर्तियों को फिर से लगाने के लिए महाकाल लोक को बंद किया गया है। उज्जैन में ही श्री सांदीपनि आश्रम के सामने आंधी से पेड़ उखड़कर गिर पड़ा। हादसे में कई श्रद्धालु बाल-बाल बचे। कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम का कहना है कि बहुत तेज आंधी आने के कारण मूर्तियां पेडस्टल से नीचे गिरी हैं। इन मूर्तियों की लाइफ 10 साल है। पत्थर की मूर्तियां बनने में समय लगेगा। फिलहाल कंपनी को ही इनका रखरखाव करना है। घटना के लिए जिम्मेदारी तय कर एक्शन लिया जाएगा। महाकाल लोक का अभी पहले फेज का काम पूरा हुआ है। इस पर करीब 793 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसके दूसरे फेज का काम अभी शुरू नहीं हुआ है।

## अफसरों को रेप की साजिश में फंसाना चाहते थे इमरान

**इस्लामाबाद, 28 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह के मुताबिक- पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान फौज, क्कक और मुल्क की दूसरी एजेंसियों को दुनिया में बदनाम करना चाहते थे। उन्होंने साजिश रची थी कि 9 मई की हिंसा मामले में आरोपी महिलाओं की गिरफ्तारी के दौरान जांच एजेंसियों पर रेप का आरोप लगवाया जाए। एक कॉल रिकॉर्ड हो गई और इस तरह यह साजिश उजागर हो गई। 9 मई 2023 को इमरान खान को 60 अरब रुपए के अल कादिर ट्रस्ट घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद इमरान समर्थकों ने आर्मी से जुड़े कई ठिकाने तक जला दिए थे। हिंसा में 8 लोगों की मौत हुई थी। इमरान का दावा था कि पुलिस फायरिंग में 25 लोगों की मौत हुई थी। अब हिंसा में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। आरोपियों में 300 से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। होम मिनिस्टर का दावा है कि खान अपनी इन्हीं महिला समर्थकों के जरिए जांच एजेंसियों पर रेप का आरोप लगवाने की साजिश रच रहे थे।

## बाइकर गैंग ने फायरिंग की: 3 लोगों की मौत, 5 घायल

**वॉशिंगटन, 28 मई (एजेंसी)।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको में फायरिंग से 3 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। घटना रेड रिवर इलाके की है। यहां की मेयर लिंडा काल्हान ने बताया है कि पांच लोग घायल हुए हैं। एक घायल की हालत गंभीर है। उसे डेनवर के हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। मेयर के मुताबिक- फायरिंग में कई लोग शामिल हैं। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। ये सभी बाइकर गैंग से जुड़े लोग हैं। बताया जा रहा है कि घटना भी एक बाइक रैली के दौरान हुई। न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस के मुताबिक- फायरिंग की यह घटना रेड रिवर मेमोरियल डे बाइक रैली के दौरान एक आपसी झड़प की वजह से हुई। यहां कई हजार लोग मौजूद थे। जिस जगह यह घटना हुई, वहां लोग कम थे। बाइक रैली के दौरान दो गुटों में बहस हुई और इसके बाद किसी एक ग्रुप ने फायरिंग की। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस इलाके की तरफ जाने वाली तमाम सड़कों को बंद कर दिया गया है। बाइक रैली इवेंट को भी बंद कर दिया है। तनाव को देखते हुए फिलहाल कर्फ्यू लगा दिया गया है। यहां ज्यादातर अश्वेत आबादी है। यह झड़प भी दो अश्वेत गुटों के बीच हुई।

## मणिपुर में पुलिस ने 40 आतंकियों को मार गिराया

**इंफाल, 28 मई (एजेंसी)।** मणिपुर में पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों के जॉइंट ऑपरेशन में रविवार तक हिंसा के आरोपी 40 आतंकी मारे गए। न्यूज एजेंसी अठकने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के हवाले से बताया कि कई हथियारबंद आतंकियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। ये विद्रोही आम नागरिकों के खिलाफ एम-16 और एके-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, आतंकियों ने रविवार तड़के दो बजे इंफाल घाटी और इसके आसपास के 5 इलाकों सेकमाई, सुगनू, कुम्बी, फायेंग और सेरौ में हमला किया। सीएम ने दावा किया कि ये आम लोगों पर हमला कर रहे हैं। इसके बाद सुरक्षाबलों की अब तक की कार्रवाई में 40 आतंकी मारे गए। कई और इलाकों में गोलीबारी और सड़कों पर लावारिस लाशें पड़े होने की खबरें आ रही हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने यहां सेना और अर्धसैनिक बलों को लगाया है। इसके अलावा राज्य में 31 मई तक इंटरनेट पर बैन लगा दिया गया है। कई जिलों में तो कर्फ्यू अभी भी जारी है। गृह मंत्री अमित शाह 29 मई से राज्य के तीन दिन के दौरे पर रहेंगे। मणिपुर में 3 मई से कूकी और मैतेई समुदाय के लोगों के बीच आरक्षण को लेकर जातीय हिंसा चल रही है। हिंसक घटनाओं में अब तक 75 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

## कांग्रेस ने फोटो में मोदी को नेहरू से छोटा दिखाया: भाजपा बोली- नेहरू रियल नहीं, रील हीरो थे

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** कांग्रेस के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल ने एक फोटो शेयर किया, जिसमें ढट मोदी को पंडित नेहरू से छोटा दिखाया गया है। इसके जवाब में भाजपा ने भी एक तस्वीर पोस्ट की। इसमें यह दिखाने की कोशिश की गई है कि पंडित नेहरू रियल नहीं, रील लाइफ हीरो थे। अब इन दोनों तस्वीरों को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा नेता मंजिन्दर सिंह ने कहा कि यह अपमान केवल नरेंद्र मोदी का नहीं, बल्कि देश के पिछड़े वर्ग के लोगों का अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि यह घटिया मानसिकता केवल और केवल गांधी परिवार में ही हो सकती है।

## अरविन्द केजरीवाल अस्पताल में सत्येंद्र जैन से मिले: गले लगाकर कहा- बहादुर आदमी

नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अस्पताल में भर्ती AAP नेता सत्येंद्र जैन से मुलाकात की। उन्होंने जैन को गले लगाया। मुलाकात की तस्वीरें केजरीवाल ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की हैं। दिल्ली सीएम ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा- बहादुर आदमी से मिला...हीरो। आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन का दिल्ली के लोक नायक अस्पताल में इलाज चल रहा है। 25 मई की सुबह आप नेता सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल के वॉशरूम में फिसलकर गिर पड़े थे। उन्हें दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोपहर करीब 12 बजे हालत बिगड़ने के बाद उन्हें लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया।

## मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी की बैठक

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** दिल्ली में रविवार को नई संसद का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी भाजपा हेडक्वार्टर पहुंचें। यहां वे भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम के साथ मीटिंग की। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्रियों ने राज्यों में चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट पीएम को दी। मीटिंग में गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। इसके साथ ही यूपी के सीएम योगी, उत्तराखंड के सीएम धामी, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, नगालैंड के डिप्टी सीएम पैटन, एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान पहुंचे।

## रेत माफिया ने कलेक्टर को कुचलने की कोशिश की

**मुंबई, 28 मई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बीड जिले की कलेक्टर दीपा मुधोल मुंडे की कार को रेत माफिया ने टक्कर मारने की कोशिश की। घटना गुरुवार की है, जिसमें उनका बॉडीगार्ड घायल हुआ है, जिसे हॉस्पिटल ले जाया गया। बाद में बॉडीगार्ड की शिकायत पर गेवराई तालुका पुलिस ने हत्या करने के प्रयास में डम्पर के ड्राइवर पर मामला दर्ज कर, उसे अरेस्ट कर लिया है। दरअसल दीपा मुधोल औरंगाबाद से बीड आ रही थीं। रात 3.15 बजे उन्होंने गेवराई तालुका के पास बिना नंबर के डम्पर को रेत ले जाते हुए देखा। उन्होंने डम्पर का पीछा करने कहा। जब बॉडीगार्ड ने डम्पर ड्राइवर को रुकने का इशारा किया तो उसने कलेक्टर की गाड़ी के आगे रेत पलटा दी। इससे उनकी गाड़ी फंस गई। कलेक्टर ने अपने ड्राइवर से डम्पर का पीछा करने कहा। करीब एक किमी के बाद डम्पर के ड्राइवर ने अचानक रेत को सड़क पर गिरा दिया, जिससे दीपा की कार उसमें फंस गई। कलेक्टर के अंगरक्षक अंबादास पावने डम्पर की तरफ दौड़े और उस पर चढ़ गए। लेकिन ड्राइवर ने गार्ड को धमकाया और गाड़ी चलाता रहा।

## सीबीआई का दावा- सिसोदिया ने 2 फोन नष्ट किए

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति केस में उइकने अपनी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में यह दावा किया है कि मनीष सिसोदिया ने 2 फोन नष्ट किए हैं। 25 अप्रैल को CBI ने यह चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में फाइल की थी। शनिवार को कोर्ट ने इस चार्जशीट पर संज्ञान लिया। कोर्ट ने जेल अथॉरिटी के नाम मनीष सिसोदिया को कोर्ट में पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया। सिसोदिया के अलावा उअ बुच्ची बाबू गोरंटला, शराब कारोबारी अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को समन भेजा गया है। इन सभी आरोपियों को 2 जून को कोर्ट में पेश होने को कहा गया है। सीबीआई ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट में यह भी दावा किया है कि सिसोदिया ने अपने दो फोन नष्ट करने की बात मानी भी है। जांच में सामने आया था कि 1 जनवरी 2020 से 19 अगस्त 2022 तक सिसोदिया ने तीन मोबाइल हैंडसेट का इस्तेमाल किया था। दो हैंडसेट जो 22 जुलाई 2022 से पहले इस्तेमाल किए गए थे, उन्हें नष्ट कर दिया गया है। सिसोदिया ने CRPC की धारा 91 के तहत भेजे गए नोटिस के अपने जवाब में इसकी पुष्टि की है।

## रेसलर्स पर पुलिस एक्शन से विपक्ष भड़का

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस के जंतर-मंतर पर धरना दे रहे रेसलर्स के खिलाफ रविवार को लिए गए एक्शन का तमाम विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया है। दिल्ली पुलिस ने नए संसद भवन के सामने महापंचायत करने जा रहे पहलवानों को न सिर्फ हिरासत में लिया बल्कि उनके टेंट वगैरह भी उखाड़ दिए। इस दौरान रेसलर्स को सड़कों पर लेटाकर, जबरदस्ती गले और गर्दन से खींच-खींचकर बसों में डाला गया। पहलवानों के साथ इस जोर-जबरदस्ती के वीडियो और फोटो सामने आने के बाद तमाम विपक्षी दलों ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोल दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी से लेकर आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने खिलाड़ियों के साथ की गई धक्का-मुक्की का विरोध किया।

# योगी मंत्रिमंडल विस्तार जल्द: कई मंत्रियों की होगी छुट्टी

**लखनऊ, 28 मई (एजेंसी)।** योगी 2.0 को 14 महीने पूरे हो चुके हैं। अगले 12 महीने बाद लोकसभा चुनाव होना है। योगी के मंत्रिमंडल में इस समय में 52 मंत्री हैं। विधायकों की संख्या के आधार पर 60 मंत्री बन सकते हैं। 30 मई से 30 जून तक चलने वाले जनसंपर्क महा-अभियान के बाद कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा। इसमें मंत्रियों की परफॉर्मेंस चेक की जाएगी। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण सेट करने के लिए कुछ नए चेहरों को भी मंत्रिमंडल में शामिल करना है। इसमें सबसे पहला चेहरा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह का है। वहीं, कुछ मंत्रियों के विभागों में कटौती के साथ ही उनको हटाया भी जा सकता है। इसमें सबसे पहला नाम धर्मवीर भारती का है। रेस में सबसे आगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह हैं। पंकज सिंह नोएडा से दूसरी बार विधायक हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव 2022 में करीब 2 लाख वोटों से जीत हासिल की थी। सपा नेता आजम खान की विधायकी जाने के बाद रामपुर शहर सीट पर विजयी आकाश सक्सेना को भाजपा हिंदुत्व के बड़े चेहरे के रूप में देख रही है। शलभ मणि त्रिपाठी देवरिया सीट से पहली बार भाजपा के विधायक बने हैं। इससे पहले वह सीएम योगी के सलाहाकार और भाजपा के प्रवक्ता रह चुके हैं।

2024 में पूर्वांचल के ब्राह्मणों को साधने के लिए शलभ को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। मंत्री एके शर्मा के पास वर्तमान में ऊर्जा और नगर विकास विभाग है। बिजली कर्मियों की 14 महीने में 2 हड़ताल हो चुकी है। हाल में बिजली कर्मियों ने 72 घंटे की हड़ताल की है। ऐसे में माना जा रहा है कि उनकी जिम्मेदारियां कम की जा सकती हैं। इसके अलावा योगी 2.0 में 58 मंत्रियों ने शपथ लिया था, तब ए के शर्मा को 2 विभाग सौंपा गया था। ऐसे में उनसे एक विभाग लेकर दूसरे को शिफ्ट किया जा सकता है। मंत्री धर्मवीर प्रजापति के पास कारागार विभाग है। हाल में बरेली और चित्रकूट की जेल काफी चर्चा में रही। चर्चा है कि सरकार इन कांडों से नाखुश है। इन्हीं वजहों से उनको मंत्रिमंडल से हटाया जा सकता है। मंत्री जितिन प्रसाद के पास वर्तमान में लोनिवि विभाग है। विभाग को 27470 करोड़ रुपए विकास कार्यों के लिए मिला था। जबकि विभाग मात्र 7517 करोड़ ही खर्च कर सका। ऐसे उनकी परफॉर्मेंस को लेकर सियासी गलियारों में कई सवाल खड़े हो रहे थे। ऐसे में माना जा रहा है कि उनका कद कम हो सकता है। दूसरी वजह यह है कि योगी सरकार जितिन प्रसाद को लोकसभा भेजने की तैयारी कर रही है। भाजपा गठबंधन के पास यूपी में 66 लोकसभा सांसद हैं। इन सभी मौजूदा सांसदों की स्कैनिंग भी की जा रही है। जिनके बारे में फीडबैक खराब मिल रहा है, उनका टिकट कट सकता है। उनकी जगह योगी सरकार के कुछ मंत्रियों को भी उम्मीदवार के तौर पर उतारा जा सकता है। नगर निकाय चुनाव में सभी सांसदों के साथ ही मंत्रियों को भी अलग-अलग जिलों का प्रभार दिया गया था। अब जब नगर निकाय चुनाव का परिणाम घोषित हो चुका है, अब पार्टी भी देख रही है कि किस मंत्री ने कितना प्रयास किया। किसको कितनी सीट मिली। इसी के आधार पर ही मंत्रियों और सांसदों का टिकट काटा जाएगा। इस मामले में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिशचंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि इसे बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। पार्टी में मंत्रियों के 8 सीट खाली है। अगर विस्तार होता भी है, तो इस बारे में पार्टी का नेतृत्व ही तय करता है कि किसे मंत्रिमंडल में शामिल करना है और किसे नहीं करना है।

# चोरी का विद्युत तार बेचने जाते दो चोर दबोचे

मीरापुर, 28 मई (बु.)। पुलिस ने एक सूचना के बाद चोरी किया हुआ विद्युत तार बेचने जा रहे दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके कब्जे से एल्युमीनियम का तार, एक वैगनआर कार, तमंचा व चाकू मिला है। इंस्पेक्टर रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि एसआई संजय कुमार ने दोपहर के समय अपनी टीम को साथ लेकर टूटी पुलिया के निकट से एक कार में सवार दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में चोरों ने अपना नाम शहजाद पुत्र मौहम्मद अनीस निवासी मौहल्ला काजियान, जलालाबाद, थाना नजीबाबाद व हाल निवासी मुल्ला कॉलोनी, गाजीपुर, दिल्ली बताया है, जबकि दूसरे साथी ने अपना नाम मौहम्मद सैफ पुत्र फरीद अहमद निवासी हर्षवाड़ा, नजीबाबाद बताया है। पुलिस को चोरों के कब्जे से करीब 450 मीटर विद्युत तार, एक तमंचा व कारतूस, एक चाकू मिला है। पुलिस के अनुसार चोर कोटद्वार से चोरी किए गए तार को बेचने के लिए दिल्ली जा रहे थे। पुलिस पकड़े गए चोरों का आपराधिक इतिहास तलाश रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

# नई संसद में मोदी ने सेंगोल को साष्टांग प्रणाम किया

## गांधी-सावरकर को श्रद्धांजलि दी, सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी हुई

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का लोकार्पण किया। पीएम मोदी धोती-कुर्ते में सुबह 7:30 बजे नए संसद भवन पहुंचे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया और फिर हवन-पूजन में बैठे। मोदी ने संसद में सावरकर के चित्र पर भी फूल चढ़ाए। आज सावरकर की जयंती है। पहले पीएम मोदी ने सेंगोल को साष्टांग प्रणाम किया, फिर तमिलनाडु से आए संतों ने इसे मोदी को सौंपा। इसके बाद पीएम ने सेंगोल को सदन में स्पीकर की कुर्सी के बगल में स्थापित किया। इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मोदी ने श्रमयोगियों का सम्मान किया, सर्वधर्म सभा भी हुई। लोकार्पण कार्यक्रम के दूसरे सेशन में सदन में सांसद और अतिथि मौजूद थे। इन्हें सेंगोल पर बनी फिल्म दिखाई गई। मोदी ने कहा कि नए संसद भवन को बनाने में श्रमिकों ने पसीना बहाया है। हम सभी सांसद को अपने कार्य के प्रति समर्पण से इस भवन को दिव्य बनाना है।

### पीएम मोदी ने जारी किया 75 रुपये का सिक्का

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** नई संसद के उद्घाटन के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने विशेष डाक टिकट और 75 रुपए का सिक्का जारी किया। सिक्के को कोलकाता की टकसाल में ढाला गया है। सिक्के के दोनों तरफ अशोक स्तंभ, जिस पर भारत और इंडिया लिखा है। इसके नीचे रुपए के चिह्न के साथ 75 लिखा है। सिक्के के दूसरी तरफ संसद की तस्वीर होगी और उसके नीचे 2023 लिखा है। इस सिक्के को कोलकाता की टकसाल में ढाला गया है। सिक्के का डायमीटर 44 मिमी है। इसका वजन 34.65-35.35 ग्राम है। इस सिक्के में 50% सिल्वर, 40% कॉपर, 5% निकल और 5% जिंक है। सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ होगा, जिसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा है। बाईं ओर देवनागरी में भारत और दाईं ओर अंग्रेजी में इंडिया लिखा होगा। नए सिक्के में रुपए का साइन होगा और लायन कैपिटल के नीचे 75 रुपए लिखा होगा। सिक्के की दूसरी साइड पर संसद परिसर की तस्वीर होगी। तस्वीर के ऊपर देवनागरी में संसद संकुल और नीचे अंग्रेजी में पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स लिखा है। पीएम मोदी ने 26 मई को नई संसद का वीडियो जारी किया था।

### मोदी कैबिनेट में होगा बड़ा फेरबदल, कुछ बड़े मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी?

नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)। मोदी कैबिनेट में जल्द हो सकता है बड़ा फेरबदल। संगठन में अनुभवी और तेजतर्रार नेताओं को किया जाएगा शामिल। मोदी कैबिनेट में शिंदे गुट के 2 सांसदों को भी मिल सकती है जगह। एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्यमंत्री हो सकते है। लंबे समय से मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल की हो रही हैं चचाएं। संगठन में भी हो सकता है बड़ा बदलाव।

### नई संसद की खासियत

- अभी लोकसभा में 590 लोगों की सीटिंग कैपेसिटी है। नई लोकसभा में 888 सीटें हैं और विजिटर्स गैलरी में 336 से ज्यादा लोगों के बैठने का इंतजाम है।
- अभी राज्यसभा में 280 की सीटिंग कैपेसिटी है। नई राज्यसभा में 384 सीटें हैं और विजिटर्स गैलरी में 336 से ज्यादा लोग बैठ सकेंगे।
- लोकसभा में इतनी जगह होगी कि दोनों सदनों के जॉइंट सेशन के वक्त लोकसभा में ही 1272 से ज्यादा सांसद साथ बैठ सकेंगे।
- संसद के हर अहम कामकाज के लिए अलग-अलग ऑफिस हैं। ऑफिसर्स और कर्मचारियों के लिए भी हाईटेक ऑफिस की सुविधा है।
- कैफे और डाइनिंग एरिया भी हाईटेक है। कमेटी मीटिंग के अलग-अलग कमरों में हाईटेक इक्विपमेंट लगाए गए हैं।
- कॉमन रूम्स, महिलाओं के लिए लाउंज और वीआईपी लाउंज की भी व्यवस्था है।

### नए संसद भवन में देश के हर क्षेत्र झलक

नए संसद भवन में देश के हर क्षेत्र की झलक देखने को मिलेगी। इसकी फ्लोरिंग त्रिपुरा के बांस से की गई है। कालीन मिजार्पुर का है। लाल-सफेद सैंड स्टोन राजस्थान के सरमथुरा का है। वहीं निर्माण के लिए रेत हरियाणा के चरखी दादरी से और भवन के लिए सागौन की लकड़ी नागपुर से मंगाई गई है। भवन के लिए केसरिया हरा पत्थर उदयपुर, लाल ग्रेनाइट अजमेर के पास लाखा और सफेद संगमरमर राजस्थान के ही अंबाजी से मंगवाया गया है। लोकसभा और राज्यसभा की फाल्स सीलिंग में लगाई गई स्टील की संरचना दमन-दीव से मंगाई गई है। वहीं, संसद में लगा फर्नीचर मुंबई में तैयार किया गया। पत्थर की जाली का काम राजस्थान के राजनगर और नोएडा से करवाया गया। संसद के बाहर लगा अशोक चक्र इंदौर का प्रतीक चिह्न अशोक स्तंभ के लिए सामग्री महाराष्ट्र के औरंगाबाद और राजस्थान के जयपुर से मंगवाई गई। वहीं लोकसभा-राज्यसभा की विशाल दीवार और संसद के बाहर लगा अशोक चक्र इंदौर से मंगाया गया है। पत्थर की नक्काशी का काम आबू रोड और उदयपुर के मूर्तिकारों ने किया है। पत्थर राजस्थान के कोटपूतली से लाए गए। फ्लाई ऐश ईंटें हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मंगवाई गई, जबकि पीतल के काम और सीमेंट के बर्न-बनाए ट्रेंच अहमदाबाद से लाए गए। इनॉगरेशन प्रोग्राम में पीएम को सेंगोल भेंट करने के लिए चेन्नई के धर्मपुरम अधीनम के 21 संत शनिवार को चेन्नई से दिल्ली आए। मोदी के लिए ये संत एक खास तोहफा भी लाए। इनॉगरेशन प्रोग्राम में ढट को सेंगोल भेंट करने के लिए चेन्नई के धर्मपुरम अधीनम के 21 संत शनिवार को चेन्नई से दिल्ली आए। मोदी के लिए ये संत एक खास तोहफा भी लाए

### 75 साल बाद राजदंड का संसद में प्रवेश

- मोदी 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास पवित्र सेंगोल (राजदंड) स्थापित किया गया।
- अंग्रेजों की तरफ से 14 अगस्त 1947 की रात इसे पं. नेहरू को सत्ता हस्तांतरण के रूप में सौंपा गया था।
- 1960 से पहले यह आनंद भवन और फिर 1978 से इलाहाबाद म्यूजियम में रखा था।
- अब 75 साल बाद राजदंड का संसद में प्रवेश हुआ।

### 20 विपक्षी पार्टियों ने बहिष्कार किया, 25 दल शामिल

कांग्रेस समेत 20 विपक्षी पार्टियों ने उद्घाटन समारोह के बहिष्कार का ऐलान किया है। विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर प्रधानमंत्री से इसका इनॉगरेशन कराने का निर्णय न केवल गंभीर अपमान है, बल्कि यह लोकतंत्र पर भी सीधा हमला है। वहीं, भाजपा समेत 25 पार्टियां उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं।

### मोदी की 29 मिनट की स्पीच की 3 बड़ी बातें...

**1. सेंगोल की स्थापना पर :** सेंगोल को लेकर छिड़े बयानों के बीच प्रधानमंत्री ने इसका महत्व बताया। मोदी ने कहा- महान चोल साम्राज्य में सेंगोल को कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्र पथ का प्रतीक माना जाता था। ये सौभाग्य है कि पवित्र सेंगोल को हम उसकी गरिमा लौटा सके हैं। उसकी मान-मर्यादा लौटा सके हैं। जब भी कार्यवाही शुरू होगी, ये सेंगोल सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

**2. विपक्ष के विरोध पर :** नए संसद भवन का कांग्रेस सहित 20 पार्टियों ने बायकॉट किया है। प्रधानमंत्री ने इसकी चर्चा तो नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि नया संसद भवन समय की मांग थी। मुझे खुशी है कि भव्य इमारत आधुनिक सुविधाओं से लैस है। पीएम ने इस दौरान एक कविता भी सुनाई- मुक्त मातृभूमि को नवीन पान चाहिए। नवीन पर्व के लिए नवीन प्राण चाहिए। मुक्त गीत हो रहा, नवीन राग चाहिए...।

**3. सांसदों को नसीहत भी दी :** पीएम ने कहा- जब संसद के इस नए भवन में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तो देशवासियों को नई प्रेरणा मिलेगी। अब हम सभी सांसदों का दायित्व है कि इसे अपने समर्पण से और ज्यादा दिव्य बनाएंगे। हम सभी 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प ही इस नई संसद की प्राण प्रतिष्ठा है। यहां होने वाला हर निर्णय आने वाली पीढ़ियों को सशक्त करने वाला होगा। इनॉगरेशन के दूसरे सेशन में पीएम मोदी जब सदन में दाखिल हुए तो सभी ने उनका तालियों से स्वागत किया। हवन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ स्पीकर ओम बिड़ला। इस दौरान सेंगोल की पूजा की गई। संसद पहुंचने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया। साथ में स्पीकर ओम बिड़ला मौजूद थे। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने पार्लियामेंट बिल्डिंग के वीडियो के लिए सभी से वॉयस ओवर देने की अपील की थी। इसके बाद शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अनुपम खेर जैसे सेलिब्रिटीज ने इस वीडियो में अपनी आवाज दी। मोदी ने ट्वीट कर शाहरुख और अक्षय कुमार के वॉयस ओवर की तारीफ की।

# दिल्ली और अंबाला की दो पैसेंजर ट्रेन फिर चालू कराने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 28 मई (बु.)।** दिल्ली मुजफ्फरनगर होकर अंबाला जाने वाली पैसेंजर दो ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू करने की मांग की गई है। कोरोना काल के बाद काफी समय से बंद होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी हो रही हैं। दैनिक यात्री संघ ने इन दोनों ट्रेनों का संचालन शुरू कराने की मांग की है। कोरोना काल के समय रेलवे विभाग ने दिल्ली, सहारनपुर व अंबाला तक आने जाने वाली कई ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया था। इन ट्रेनों का संचालन शुरू कराने के लिए दैनिक यात्री संघ के पदाधिकारियों ने डीआरएम, रेलवे महाप्रबंधक को ट्वीट व ज्ञापन देकर मांग उठाई थी। पांच दिन पहले सुबह के समय सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली एक ट्रेन का संचालन तो शुरू कर दिया गया था। मगर, दिल्ली से अंबाला और मेरठ से अंबाला सुबह के समय जाने वाले दो ट्रेनों का संचालन अभी भी बंद है। इसके कारण सहारनपुर, देवबंद में काम करने वाले लोगों और सरकारी विभागों में डयूटी करने वाले कर्मचारियों के अलावा सहारनपुर विश्वविद्यालय में जाने वाले छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक यात्री संघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम भगत, दीपक गुप्ता, दीपक भाटिया, हरवीर, ब्रजमोहन, विनीत जैन, राजेश चौहान, पारस, शंभू, राजू कुमार ने दोनों ट्रेनों को जल्द चलवाने की मांग की है।

# रेलवे पटरी के निकट मिला महिला का शव

**कांधला, 28 मई (बु.)।** थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पटरी के निकट एक 48 वर्षीया महिला का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। जीआरपी पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। रविवार की सुबह कांधला रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी तय करने के बाद पटरी पर एक 47 वर्षीया महिला का शव लहुलुहान हालत में पड़ा मिला था। आसपास के लोगों ने जीआरपी को घटना की सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पुलिस ने मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, जिसमे गांव भारसी निवासी दीपक ने मृतका महिला का शिनाख्त ममता पत्नी राजेन्द्र गांव भारसी के रूप में की। दीपक के मुताबिक महिला एक वर्ष से बीमार थी। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। महिला की मौत से परिजनों में शोक व्याप्त है।

## विपक्ष की बीस पार्टियां रही बाहर, आगे की पंक्ति में दिखे देवेगौड़ा-जगन

**नई दिल्ली, 28 मई (एजेंसी)।** कांग्रेस समेत 20 राजनीतिक पार्टियों ने संसद के लोकार्पण कार्यक्रम का बहिष्कार किया। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस विरोध के बहाने विपक्षी एकता को भी मजबूती दी जा रही है। हालांकि भाजपा भी विपक्ष की इस रणनीति को समझ रही है। यही वजह है कि संसद के नए भवन में जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपना पहला संबोधन दिया तो उस दौरान संसद भवन में अगली कतार में कई ऐसे चेहरे दिखे, जो 2024 में एनडीए के साथ जा सकते हैं। बता दें कि विपक्षी पार्टियों ने संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार का एलान किया। इनमें से 19 पार्टियों ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है कि पीएम मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन लोकतंत्र का अपमान और उस पर सीधा हमला है। राष्ट्रपति, देश के प्रमुख होते हैं और संसदीय परंपरा का भी हिस्सा होते हैं। संसद बिना राष्ट्रपति के काम नहीं कर सकती। जिन पार्टियों ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया, उनमें कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना (उद्धव ठाकरे), आप, समाजवादी पार्टी, सीपीआई, झारख